हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



इंजन के साथ दो डिब्बे भी मालगाड़ी पर चढ़े

गेवरा से बिलासपुर आ रही थी कोरबा बिलासपुर लोकल ट्रेन

लालखदान के पास मिडिल लाइन पर खड़ी मलगाड़ी से हुई टक्कर

- ब्रेक वेन में ट्रेन का चालक फंसा, कई घंटे बाद निकाला गया
- मृतकों को 10 लाख और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख मुआवजे की घोषणा
- मामले की जांच के दिए गए आदेश

मंगलवार की शाम 4.30 बजे मुंबई हावड़ा रूट पर जोनल रेलवे स्टेशन से कुछ दूर गेवरा से आ रही कोरबा बिलासपुर लोकल ट्रेन मिडिल लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। एक झटके में लोकल ट्रेन का इंजन और दो डिब्बे मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गए। भयंकर रेल हादसे में 8 यात्रियों की मौत होने व लगभग 20 यात्रियों के घायल होने की खबर है, मृतकों व घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। रेलवे बोर्ड ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। हादसे के बाद मुंबई हावड़ा रेल लाइन पर यातायात ठप हो गया।

आटोमेटिक सिग्नल सिस्टम हुआ फेल इसलिए मालगाड़ी पर चढ़ गई लोकल







# खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ गई लोकल ट्रेन, 8 की मौत, 20 घायल, यात्रियों को बचाने के लिए कटर से काटी बोगी

**विलंब से रवाना होंगी ट्रेनें**

**सीआरएस करेंगे जांच कल**

*रेलवे से जानकारी के अनुसार नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा गुरुवार को डीआरएम कार्यालय पहुंचकर अपनी जांच शुरू करेंगे। यह जांच सुबह 9 बजे से शुरू होकर पूरी होने तक चलेगी। इसके लिए रेलवे ने सभी साक्ष्य रखने वालो को उपस्थित होने कहा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हावड़ा-मुंबई अप लाइन पर कोरबा से बिलासपुर आने वाली लोकल ट्रेन के खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ने की वजह ऑटोमेटिक सिग्नल का फेल होना बताया जा रहा है। पहली नजर में जानकार बताते हैं कि मालगाड़ी खड़ी रह गई और ग्रीन सिग्नल के कारण लोकल पूरी गति से टकरा गई।

मंगलवार की शाम 4 बजकर 10 मिनट पर गेवरा से बिलासपुर आने वाली लोकल बिलासपुर की ओर आ रही थी। लालखदान चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने अप लाइन पर एक कोयले से लोडेड मालगाड़ी भी खड़ी हुई थी, जिसके लिए बिलासपुर की ओर आने का ग्रीन सिग्नल हो चुका था। रेलवे के अनुसार जोन के सभी स्टेशनों के बीच आटो सिग्नलिंग का काम किया गया है, जिसमें एक गाड़ी के पीछे एक साथ तीन गाड़ियों का परिचालन किया जा सकता है। इससे रेल दुर्घटना का भी खतरा कम रहता है। आटो सिग्नलिंग से चालक, परिचालक को सामने जाने वाली गाड़ियों की जानकारी मिल जाती है। रेलवे का यह सिस्टम मंगलवार की शाम फेल हो गया। लोकल ट्रेन गतौरा से बिलासपुर के लिए रवाना हो गई, जिसके चालक ने ग्रीन सिग्नल देखकर ट्रेन को आगे रवाना कर दिया था। इस दौरान अप लाइन पर ही सामने कोयला लोड मालगाड़ी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर

रेलवे ने हादसे के बाद हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। संबंधित व्यक्ति इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

- बिलासपुर - 7777857335, 7869953330
- चांपा - 8085956528
- रायगढ़ - 9752485600
- पेंड्रारोड - 8294730162
- कोरबा- 7869953330
- उसलापुर- 7777857338






### लावारिस पड़ी रही यात्रियों की लाश

कोरबा लोकल और मालगाड़ी की टक्कर से कोच में सवार दर्जनों यात्री घायल हुए, वहीं एक दर्जन से अधिक यात्रियों की मौत की अपुष्ट जानकारी है। मृत यात्रियों की लाश इधर-उधर पड़ी रही, जिन्हें एक-एक कर अस्पताल भेजा गया। शव को बाहर निकालने में रेल प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं कोच से गिरने के कारण कई की लाश लाइन के किनारे लावारिस हालत में पड़ी हुई थी। रेलवे प्रशासन को अब तक घायलों और मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है, जिसके लिए हेल्प लाइन नम्बर जारी किया गया है।

### सारे अफसरों की ली जीएम ने क्लास

रेलवे में आटोमैटिक सिग्नलिंग होने के बाद भी मालगाड़ी और लोकल ट्रेन के हादसे की सूचना रेल मंत्रालय तक पहुंच गई। जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सारे अधिकारियों और स्टाफ की क्लास लेना शुरु कर दिया।

### डाउन लाइन से रवाना की गई ट्रेनें

रेल हादसे के कारण हावड़ा-मुम्बई मार्ग पर रायगढ़ से बिलासपुर स्टेशन के बीच चौथी लाइन के साथ मिडिल व अप लाइन पूरी तरह से ब्लाक हो गई। इस हादसे से ओएचई, खंभे और लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। तीनों लाइन ब्लाक होने के कारण मालगाड़ियों और यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ। रेल अफसरों के निर्देश पर मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों को रायपुर से बिलासपुर तक नियंत्रित करते हुए डाउन लाइन से पायलेटिंग के जरिए रवाना किया गया। इस दौरान मालगाड़ियों को घंटों आउटर व छोटे स्टेशनों में रोका गया।

### बिलासपुर में राज्योत्सव के सभी कार्यक्रम रद्द

ट्रेन दुर्घटना के कारण मंगलवार को जिला प्रशासन ने राज्योत्सव का कार्यक्रम रद्द कर दिया है। आज कथक नृत्य सहित प्रभंजय चतुर्वेदी एवं अनुज शर्मा का कार्यक्रम होना था। रेल हादसे के बाद सभी वरिष्ठ नेता घटनास्थल को रवाना हो गए।

### रेल मंत्री ने ली जानकारी



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित वार रूम से पूरी घटना की जानकारी ली और राहत एवं बचाव कार्य त्वरित तरीके से संपादित करने संबंधी निर्देश दिए। हैं। रेलवे ने दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के लिए 10 लाख रुपए का एक्सग्रेशिया और गंभीर रूप से घायल यात्रियों के लिए 5 लाख तथा सामान्य घायल यात्रियों के लिए एक लाख के मुआवजे की घोषणा की है। मुआवजा राशि का वितरण दक्षिण पूर्व मध्य रेल की टीम द्वारा विभिन्न अस्पताल में जाकर किया गया।

### इनकी हो गई मौत

- शैला यादव
- विद्यासागर
- रंजीत प्रभाकर
- लवकुश शुक्ला
- पिंक साड़ी
- ग्रीन साड़ी
- लाइट पिंक शर्ट, ब्लैक पेंट
- डार्क पिंक साड़ी, ब्लैक ब्लाउज

### मुख्यमंत्री साय ने व्यक्त की संवेदना



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेल हादसे में मृत व घायल यात्रियों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री साय द्वारा कहा गया है कि घटना के संबंध में बिलासपुर कलेक्टर से जानकारी लेकर हर संभव सहायता व राहत कार्य प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। घायलों के उपचार के लिए आ वश्यक संसाधन, चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार हर पल स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख मुआवजा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार ने दुर्घटना में दिवंगत हुए यात्रियों के परिजनों को 5 लाख तथा घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि घायलों के समुचित एवं निःशुल्क इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन को तत्काल प्रभाव से राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन गेमिंग कानून पर केंद्र से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और एक पीआईएल पर उसका जवाब मांगा है। इसमें केंद्र सरकार को ऑनलाइन गैंबलिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने का निर्देश देने की मांग की गई है, जो कथित तौर पर सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चल रहे हैं। यह वे ऐप्स हैं जो खुद को ई-स्पोर्ट्स या सोशल गेम्स बताकर असल में गैम्बलिंग का धंधा चला रहे हैं।

### भारत की 7 यूनिवर्सिटी ने बनाई टॉप 100 में जगह



**नई दिल्ली।** क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 की सूची में भारत से आईआईटी दिल्ली को टॉप पोजिशन ही मिली है। इस साल कुल 294 भारतीय संस्थान इस रैंकिंग में शामिल हुए हैं, जिनमें 7 विश्वविद्यालय टॉप 100 में शामिल हैं, जबकि टॉप 200 में 20 संस्थान शामिल हैं। हालांकि आईआईटी संस्थानों के प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछले साल की तुलना में इस बार 36 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग बेहतर हुई है।

## खुले कुएं में गिरे शावक सहित तीन हाथी नौ घंटे तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बलौदाबाजार

**हरिभूमि खास**

सोमवार देर रात बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा से सटे वनग्राम हरदी में एक शावक सहित तीन हाथी खुले कुंए में गिर गए। हाथी बचाव के लिए नौ घंटे से ज्यादा समय तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे। जानकारी मिलने के बाद मौके पर वन विभाग के अधिकारी हाथियों को रेस्क्यू करने घटना स्थल पहुंच गए। हाथियों को दूसरे दिन रेस्क्यू कर बाहर निकालने में कामयाबी मिली। हाथियों को निकालने जेसीबी की मदद से कुंए के पास गड्ढा खोदकर निकलने के लिए जगह बनाई गई। इसके बाद हाथी कुंए से बाहर निकल पाए।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब लोग खेतों की तरफ गए तब हाथियों आवाजें सुनकर मौके पर पहुंचकर देखा कि वे कुएं में फंसे हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हाथियों को निकालने के लिए जेसीबी की मदद से कुएं का किनारा काटकर रास्ता बनाया ▶▶| शेष पेज 8 पर

**बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा की घटना**



### वन तथा वन से सटे गांव में 40 हजार से ज्यादा कुंए

अनुमान के मुताबिक राज्य के वन तथा वन से सटे गांवों में 40 हजार छोटे-बड़े कुंआ हैं, जहां सुरक्षा दीवार खड़ी करने के साथ कवर ढकने का काम किया जाना है। कैंपा मद से यह काम नहीं किया जा सकता। इसके लिए राज्य शासन अलग से बजट पास करेगा, तभी संभव होगा। विभागीय अफसरों ने कुंआ में सुरक्षा दीवार खड़ी करने शासन से अब तक किसी तरह से बजट देने की मांग नहीं की है।

### आदेश के तीन साल बाद भी पालन नहीं

वन्यजीवों को खुले कुएं में गिरने से बचाने वर्ष 2018 से मांग की जा रही है। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने केंद्र सरकार को वर्ष 2021 में पत्र लिखा था। पत्र के आधार पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों के वन विभाग को निर्देश जारी कर वन तथा वन क्षेत्र सटे गांवों के कुंओं के आसपास सुरक्षा दीवार खड़ी करने के साथ कवर ढकने निर्देश दिए थे। बावजूद इसके राज्य में अब तक वन विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ठोस काम नहीं कर पाए हैं।

**अब तक नहीं हो पाया प्रत्यर्पण**

## भिलाई का सट्टा किंग रवि उप्पल दुबई से हुआ फुर्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

महादेव ऑनलाइन बुक ऐप का सह-संस्थापक भिलाई का



सट्टा किंग रवि उप्पल दुबई से रफू चक्कर हो गया है। कहां फुर्र हो गया, उसे ढूंढ़ रही सीबीआई और ईडी सहित अन्य एजेंसियों को भी नहीं ▶▶| शेष पेज 8 पर

### प्रत्यर्पण पर गतिरोध

भारत सरकार ने चंद्राकर के प्रत्यर्पण के लिए यूएई को अक्टूबर 2024 में अनुरोध भेजा था, परंतु अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने दोनों के खिलाफ फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर की ▶▶| शेष पेज 8

**17 रायफल समेत निर्माण सामग्री व उपकरण बरामद**

## नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माओवादियों के पास सिर्फ एक ही विकल्प है हिंसा छोड़कर शांति और विकास का मार्ग अपना कर पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान में शामिल हो जाएं। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि एंटी नक्सल ऑपरेशन जिले में ▶▶| शेष पेज 8 पर

- **सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने की जा रही थी फैक्ट्री संचालित**



### माओवादियों की सशस्त्र क्षमता कमजोर

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने बताया कि पिछले दस महीनों में बस्तर रेंज में ही सुरक्षा बलों ने माओवादियों के कब्जे से 563 हथियार, जिनमें एलएमजी, एके-47, इंसास राइफल और एसएलआर बरामद की गई। यह तथ्य माओवादियों की सशस्त्र ▶▶| शेष पेज 8 पर

### भारी मात्रा में हथियार और सामान मिले

गोमगुड़ा इलाके से बरामद हथियार एवं सामग्री इस प्रकार है। रॉकेट लॉन्चर 1, बीजीएल लॉन्चर 6, 12 बोर राइफल 6, सिंगल शॉट राइफल 3, देशी कट्टा 1, 12 बोर राइफल का बैरल 2, सिंगल शॉट का बैरल 2, हैण्ड ड्रिल मशीन बड़ा 1 सेट, टेबल वाइस 17, बैरल 3, बॉडी कवर 2, ▶▶| शेष पेज 8 पर

**हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद हिंदुजा का लंदन में निधन**

## लगातार 7 साल ब्रिटेन के सबसे अमीर व्यक्ति रहे तेल से लेकर बैंकिंग सेक्टर तक में जमाई धाक

एजेंसी ▶▶| लंदन

जाने-माने उद्योगपति और हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया है। वह 85 वर्ष के थे। ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवार के प्रमुख हिंदुजा का नाम उनके दोनों भाइयों के साथ बोफोर्स घोटाला मामले में भी आया था। 1940 में भारत में जन्मे गोपीचंद हिंदुजा लगातार सात साल तक ब्रिटेन के 'संडे टाइम्स रिच लिस्ट' में सबसे अमीर व्यक्ति के तौर पर शामिल रहे। उन्होंने तेल से लेकर बैंकिंग सेक्टर तक धाक जमाई। हिंदुजा ने मुंबई के जय हिंद कॉलेज से 1959 में ग्रेजुएशन किया था। ▶▶| शेष पेज 8 पर



### बोफोर्स घोटाले में भी आया था नाम

उन पर और उनके दो अन्य भाइयों...श्रीचंद और प्रकाश हिंदुजा पर स्वीडन की एबी बोफोर्स को भारतीय अनुबंध हासिल करने में मदद करने के लिए अवैध कमीशन के रूप में कुल 64 करोड़ रुपए का भुगतान प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, तीनों को 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया था।

### हिंदुजा ग्रुप की मुख्य कंपनियां

- दुनिया के 30 से ज्यादा देशों में सक्रिय है और हजारों लोगों को रोजगार देता है
- ऑटोमोबाइल : अशोक लीलैंड - भारत की दूसरी सबसे बड़ी कॉमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनी
- बैंकिंग और फाइनेंसः इंडसइंड बैंक और हिंदुजा बैंक (स्विटजरलैंड)
- एनर्जी और ऑयलः ग्लोबल स्तर पर काम करने वाली प्रमुख लुब्रिकेंट कंपनी गल्फ आयल इंटरनेशनल


जन-जन के नेता सरल-सहज, मृदुभाषी, बस्तर के लाल
आदरणीय भईया केदार कश्यप जी
मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग छ.ग. शासन को
जन्मदिन की शुभकामनाएं...
कीर्ति पाढ़ी
नीशिकांत पाण्डेय
अमित गुप्ता

बिलासपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा | वर्ष : 25, अंक : 222 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 4.00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



सुबह 10 से 12 बजे तक बंद रहेगी विमानों की आवाजाही



## उपराष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का मंगलवार को स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

# रिहर्सल ने मन मोहा, आज एयर शो, नवा रायपुर नो फ्लाइंग जोन, पांच फ्लाइटें री शेड्यूल

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार सुबह ठीक 10 बजे भारतीय वायुसेना के पांच जेट्स जब खुले आसमान में तेज रफ्तार से सेंध जलाशय के ऊपर से गुजरे तो हजारों लोग रोमांच से भर उठे। सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के एयर शो रिहर्सल में ही लोगों का मन मोह लिया। रिहर्सल देखने के लिए ही हजारों लोग नवा रायपुर सुबह से ही पहुंच गए। वायुसेना के जांबाज जवानों ने एक से बढ़कर एक हवाई करतब दिखाए। कल राज्योत्सव का समापन होगा और उसमें एयर शो में जेट्स रोमांचक कारनामे दिखाएंगे। उससे पहले नवा रायपुर नो फ्लाइंग जोन रहेगा और फ्लाइटें प्रभावित होंगी। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### भारी वाहन प्रतिबंधित

आयोजन को ध्यान में रखते हुए बुधवार को सुरक्षा के मद्देनजर सुबह 7 से रात्रि 12 बजे तक नवा रायपुर के समस्त मार्गों पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। वहीं आयोजन में शामिल होने वालों के लिए सेंध लेक तक पहुंचने के लिए रूट का निर्धारण किया गया है।








inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### विवाद से बचने बड़ा फैसला मेहिल मिस्त्री ने टाटा ट्रस्ट्स से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** मेहिल मिस्त्री ने टाटा ट्रस्ट्स से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा को इस बारे में एक लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने ट्रस्टी के पद को छोड़ने के अपने फैसले के बारे में उन्हें बताया है। मिस्त्री को टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का करीबी माना जाता है। पिछले कई महीनों से टाटा ट्रस्ट्स के दो धड़ों में खींचतान की खबरें आ रही हैं। मेहिल मिस्त्री ने चेयरमैन नोएल टाटा सहित टाटा ट्रस्ट्स के सभी ट्रस्टीज को संबोधित करते हुए यह लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने ट्रस्टी पद छोड़ने के अपने फैसले का औपचारिक ऐलान किया है। टाटा ट्रस्ट्स को विवादों से दूर रखना और इसके बुनियादी मूल्यों को बनाए रखना ज्यादा जरूरी है। रतन टाटा के विजन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि टाटा ट्रस्ट्स का नाम किसी ऐसे विवाद में नहीं आना चाहिए।

चुनाव प्रचार के दौरान विवादित बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री पर एफआईआर

# बिहार चुनाव में पहले चरण के लिए थमा शोर, 121 सीटों पर कल होगा मतदान

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 18 जिलों की 121 सीटों पर प्रचार का शोर मंगलवार शाम को थम गया। अब 6 नवंबर को इन सीटों पर मतदान होगा। हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच, मतदाता अपने भविष्य का फैसला करेंगे। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बीच, चुनाव प्रचार के दौरान विवादास्पद बयान के लिए केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों को ▶▶|शेष पेज 8 पर

- राज्य की 18 जिलों में मतदान, दो उपमुख्यमंत्री के अलावा 15 मंत्रियों की किस्मत दांव पर

### पहले चरण के लिए 17 मंत्री मैदान में

चुनाव लड़ने वाले दिग्गज नेताओं में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का नाम शामिल है। इसके अलावा 15 मंत्रियों की भी किस्मत का फैसला पहले चरण में होना है। विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मंगल पांडेय, मदन सहनी, नीतीन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सादा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता, संजय सरावगी, डा. सुनील कुमार, जिवेश कुमार, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव, श्याम रजक, अनंत सिह, अमरेंद्र



### तेजस्वी समेत विपक्ष के कई दिग्गज

महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी, डा. रामानंद यादव, वीणा देवी, ललित कुमार यादव, विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव, आलोक मेहता, भाई वीरेन्द्र, अनिरुद्ध यादव, अवधेश राय की किस्मत 6 नवंबर को ईवीएम में कैद होगी।

### नए विवाद में फंस गए केंद्रीय मंत्री

ललन सिंह एक नए विवाद में फंस गए जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें वह एनडीए समर्थकों से कथित तौर पर यह कहते सुने जा सकते हैं कि मतदान के दिन विपक्षियों को घर से बाहर नहीं निकलने देना है। इस पर केस दर्ज हो गया है।

### पीएम बोले-बिहार में होगी राजग की अब तक की सबसे बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार की जनता ने यह सुनिश्चित करने का मन बना लिया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी विधानसभा चुनावों में पिछले 20 वर्षों के अपने जीत के रिकॉर्ड को तोड़े और राज्य में 'जंगल राज' की वापसी न हो।



मोदी ने कहा कि बिहार में 'जंगल राज' लाने वाले लोगों को आगामी चुनावों में अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। मोदी ने 'नमो ऐप' के जरिये बिहार में भाजपा-राजग की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "बिहार भाजपा की महिला कार्यकर्ता 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ शानदार काम कर रही हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों "राजकुमार" पूरे राज्य में घूम रहे हैं और दिल्ली वाले ने तो 'छठी मैया' का अपमान भी किया है।

36 अलंकरण में विभूतियों को करेंगे अलंकृत

## राज्योत्सव का समापन आज, उप राष्ट्रपति करेंगे 36 विभूतियों का सम्मान



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव कल बुधवार को समापन होगा। राज्य की 25वीं वर्षगांठ के रजत महोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन राज्य के 36 विधाओं से जुड़े लोगों ▶▶|शेष पेज 8 पर

### उप राष्ट्रपति का दो दिवसीय दौरा

समापन कार्यक्रम उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार की देर शाम रायपुर पहुंचे। वे यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे। उपराष्ट्रपति कल नवा रायपुर के सेंध झील में भारतीय वायु की सूर्यकिरणएरोबैटिक टीम द्वारा आयोजित एयर शो का अवलोकन ▶▶|शेष पेज 8 पर

### महतारी वंदन योजना की 21वीं किश्त आज

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के करकमलों से छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना की लाभार्थी 69 लाख से अधिक महिलाओं को 21वीं किश्त के रूप में 647 करोड़ 28 लाख 36 हजार 500 रूपए की राशि जारी की जाएगी। लाभार्थी महिलाओं में 7658 महिलाएं बस्तर संभाग के उन गांवों की है, जो छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बीते 22 महीनों में संचालित माओवाद उन्मूलन अभियान के चलते माओवाद के प्रभाव से मुक्त हुए हैं। इन महिलाओं को पहली बार इस योजना का लाभ मिलेगा। उपराष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन 5 नवम्बर को राजनांदगांव में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में महतारी वंदन योजना की 21वीं किश्त की राशि हितग्राही महिलाओं के बैंक खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर करेंगे।

# 30 जिले में बढ़ी किसानों की संख्या, पिछले साल से एक लाख से ज्यादा किसान बेचेंगे धान

*धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद में संख्या कम*



हरिभूमि न्यूज रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में राज्यभर के 26 लाख 49 हजार से अधिक किसान अपना धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच पाएंगे। खास बात ये है कि इस बार किसानों को राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल और केंद्र सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की अनिवार्यता थी। इस बार एग्रीस्टेक में पंजीयन को लेकर कई तरह की शिकवे-शिकायतें और अफवाहें भी थी, लेकिन एक लाख से अधिक किसानों की संख्या बढ़ने से इन सभी बातों पर विराम लग गया है। राज्य के 33 जिलों में केवल तीन जिले धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद में पिछले साल के मुकाबले पंजीकृत किसानों की संख्या कम हुई है। राज्य में धान उत्पादक किसानों के लिए यह पहला अवसर था जब उन्हें दोहरी पंजीयन प्रणाली का सामना करना पड़ रहा था। इसकी वजह से किसानों के एक वर्ग में चिंता और परेशानियों की कई खबरे अलग-अलग जिलों से आ रहीं थी। लेकिन हरिभूमि के पास उपलब्ध धान खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों का ब्योरा देखने के बाद ये साफ होता है कि इस प्रणाली से किसानों की संख्या कम नहीं हुई है, बल्कि एक लाख से अधिक किसान बढ़ गए हैं।

**इन जिलों में कम हुई संख्या-** एक तरफ राज्य के 33 जिलों में 30 में किसानों की संख्या बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर राज्य के सबसे अधिक धान उत्पादक जिले धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या पिछले साल के मुकाबले घटी है। धमतरी में पिछले साल के मुकाबले पंजीकृत किसानों में से इस साल 968 कम ▶▶|शेष पेज 8 पर

### आंकड़ों की नजर में किसानों की संख्या

खरीफ सीजन 2025-26 में धान की खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों का ब्योरा इस प्रकार है। राज्य के सभी 33 जिलों में पिछले साल कुल पंजीकृत किसान 25 लाख 49 हजार, 606 थी। लेकिन इस साल यह संख्या बढ़कर 26 लाख 49 हजार 584 हो गई है। इसका मतलब इस साल किसानों की संख्या एक लाख से अधिक बढ़ी है। इन्हीं आंकड़ो के साथ एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों का ब्योरा भी है। इसके मुताबिक एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों की संख्या 26 लाख 2 हजार 613 है।

### 69 हजार किसानों को फायदा

राज्य सरकार ने इस बार धान खरीदी के दौरान पांच प्रकार के किसानों को पंजीयन से छूट देने का फैसला किया था। इनमें वनाधिकार पट्टाधारी, शासकीय भूमि पर खेती करने वाले, ट्रस्ट की जमीनों पर खेती करने वाले, रेगहा अधिया वाले कोटवारी जमीन पर धान उगाने वाले शामिल थे। इस श्रेणी के तहत 68 हजार 790 किसानों का पंजीयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस श्रेणी के किसानों को पिछले साल धान बेचने की अनुमति नहीं थी।

## एआईसीसी की आदिवासी कांग्रेस सलाहकार परिषद में जेल में बंद कवासी लखमा का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया है। नई समिति में छत्तीसगढ़ से 8 वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है। खास बात यह है कि इनमें बीते 8 महीनों से जेल में बंद विधायक कवासी लखमा का भी नाम शामिल किया गया है। एआईसीसी द्वारा गठित इस सलाहकार ▶▶|शेष पेज 8 पर

- छत्तीसगढ़ से 8 वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई



दीपक बैज | कवासी लखमा | फूलो देवी नेताम

### आदिवासियों की निजी जमीन पर कब्जा, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के बैल, धरमा, एवं बड़ेपल्ली गांव के ग्रामीणों की लगभग 120 एकड़ से ज्यादा निजी भूमि पर रायपुर के एक उद्योगपति के नाम पर कब्जा होने का मामला संज्ञान में आया है। कांग्रेस पार्टी ने इसे ▶▶|शेष पेज 8 पर




चिंतन

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बिखरा इंडिया गठबंधन

चुनाव आयोग ने जब देश में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया शुरू की तो विपक्ष ने खूब बवाल काटा। इंडिया गठबंधन के नेता संसद से लेकर सड़क तक खूब गरजे। देशभर में अलग-अलग तरह से चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में विपक्षी दलों ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली। यह साबित करने का प्रयास किया गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर ऐसा कर रहा है। विपक्ष के वोट काटने के लिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। अब जबकि चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करवाने का ऐलान किया है तो विपक्ष विरोध तो कर रहा है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सारे दल अलग-अलग ढपली बजा रहे हैं। जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां भी इंडिया ब्लॉक के कुनबे में तमिलनाडु छोड़कर इस मुद्दे पर कहीं भी एकजुटता नजर नहीं आ रही है। दूसरे चरण की घोषणा हुए 10 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अभी तक इसके खिलाफ एक प्रेस कांफ्रेंस तक नहीं की है। अलबत्ता सैद्धांतिक रूप में वे इसका विरोध जरूर कर रहे हैं और वो भी अलग-अलग। मंगलवार को पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किलोमीटर लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। इसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं, लेकिन इसके उलट इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े धड़े कांग्रेस ने इस मार्च से दूरी बनाए रखी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने का कहना था कि टीएमसी और बीजेपी बंगाल में एसआईआर पर विभाजनकारी राजनीति में लिप्त हैं, जिससे भय का माहौल पैदा हो रहा है। सीएम ममता बनर्जी को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और एसआईआर विरोधी दलों को एकजुट करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस अब चुनाव आयोग के साथ मुलाकात की कोशिश में है, ताकि अपनी चिंताएं बता सके और एसआईआर को लेकर सुझाव दे सके। इशारा साफ है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ सही नहीं है। दूसरी ओर, सबसे बड़ी बात ये है कि बिहार में इतना हो-हल्ला करने के बाद भी न तो मतदाताओं पर इसका कोई असर दिख रहा है और न ही इसके खिलाफ कोई बड़ा कानूनी डंडा ही चल पाया है, जिसने इंडिया गठबंधन के नेताओं का उत्साह पूरी तरह से फीका कर रखा है। कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट की वजह से बिहार में जो विपक्ष एकजुट दिख रहा था, वो न तो पश्चिम बंगाल में एकसाथ नजर आ रहा है और न ही केरल में। जबकि, इन तीनों ही राज्य में अगले साल एसआईआर की छंटनी प्रक्रिया के बाद तैयार होने वाले वोटर लिस्ट पर ही चुनाव होने वाले हैं। विपक्ष को लग रहा है कि इस मुद्दे को जनता भाव नहीं दे रही है। इसीलिए गठबंधन की एकता गायब हो गई है।

# स्वतंत्रता का मंत्र बना- वंदेमातरम्



विचार
शिवप्रकाश

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है। इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है ।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशों द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया। इस पराजय के पश्चात भारत का शेष क्षेत्र भी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम ग़ुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि 'एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगों को अपने अंदर लाकर।'

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी। समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव 'अलख निरंजन' का उद्घोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ 'अपनी भूमि अपनायेंगे , अपनी सरकार बनायेंगे।' का उद्घोष किया। अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ।

समाज में प्रज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1938 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय। कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू। जैस्सोर (अब बांग्लादेश)में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए । अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी,राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है । उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन की दुर्नितियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया। इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुई 'आनंदमठ'। जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरूप में सन्यासी करते हैं वह लालगोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है।




7 नवंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई । यह शुभ दिन भारतीय कालगणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी । यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।

बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु - मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उद्देश्य था । विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया । प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उद्घोष कर रहा था वंदेमातरम् । 16 अक्टूबर को आयोजित दुख - दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए । मन्मथ नाथ मित्र के नेतृत्व में 'वंदेमातरम् संप्रदाय' की रचना हो गई । अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातम लिखा । क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे । जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उद्घोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया । अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया । हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असमके बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए । 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया । 22 अगस्त 1907 को स्टाट गार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में मैडम कामा द्वारा वंदेमातरम् का गायन हुआ। कनाडा- अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम् ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया । महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी जी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इस सभी के कारण वंदेमातरम् ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया ।

स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंग-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया । उस दिन 'विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प' लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय 'ॐ वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा' के मंत्र का उच्चारण हुआ । एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रुपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नही, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी। अंग्रेजों द्वारा निर्मित वस्तुओं के विरोध में भारत में स्वदेशी कंपनियां जन्म लेने लगी उदाहरण स्वरूप तूतूकुड़ी (तमिलनाडु) में स्वदेशी नेविगेशन जैसी अनेक कंपनियों का जन्म हो गया। लोकमान्य तिलक वंदेमातरम् एवं स्वदेशी के आधार बन गए। वीर सावरकर ने वंदेमातरम् बोलकर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। लाला लाजपत रायने वन्देमातरम् बोलकर लाठी के प्रहार सहन किए ।। अब आनंदमठ से निकलकर वंदेमातरम् संपूर्ण देश के लिए स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वदेशी का भी मंत्र बन गया।

अंग्रेजों के षड्यंत्र का परिणाम भी धीरे-धीरे प्रकट हुआ। जो मंत्र देशभक्तों की प्रेरणा बना उसमें कुछ लोगों को बुतपरस्ती नजर आने लगी। 1923 के काकीनाड़ा के कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद अली ने यह कहकर कि इस्लाम में मूर्ति पूजा एवं संगीत स्वीकार नहीं है,वंदेमातरम् गायन का विरोध किया । जबकि बदरुद्दीन तैयब, मोहम्मद रहीमतुल्ला सयानी, नवाब सैय्यद मोहम्मद बहादुर, डॉ. एमए अंसारी जैसे मुस्लिम अध्यक्षों ने कभी वन्देमातरम् का विरोध नहीं किया । 1915 से सतत वंदेमातरम् का गायन करने वाले महान देशभक्त विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने यह कहकर कि यह किसी व्यक्ति नहीं कांग्रेस का मंच है वंदेमातरम् का संपूर्णगायन किया। लेकिन इस विरोध के कारण कांग्रेस नेतृत्व झुकता चला गया। पूर्ण वंदेमातरम् के स्थान पर दो ही पदों का गायन प्रारंभ किया एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा एक पत्र के द्वारा सूचित किया गया कि दो चरण ही गाये जाए एवं अन्य कोई इसके स्थान पर दूसरा गाना भी गा सकते हैं ।

15 अगस्त 1947 को श्रीमती सुचेता कृपलानी ने वन्देमातरम् का गायन एवं सरदार पटेल के आग्रह पर आकाशवाणी पर प्रसिद्ध संगीतज्ञ ओंकारनाथ ठाकुर द्वारा संपूर्ण वंदेमातरम् का गायन हुआ। तत्कालीन नेतृत्व द्वारा अलग-अलग प्रकार के हास्यपूर्ण तर्क देकर वंदेमातरम् के स्थान पर जनगणमन को राष्ट्रगान का स्थान दिया गया । जिसके संबंध में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने कहा कि ' मैं ऐसी कांग्रेस की कल्पना भी नहीं कर सकता जो वंदेमातरम् को राष्ट्रगान से नकारती है।' धन्य प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जिन्होंने 24 जून 1950 को दोनों ही गीत वंदेमातरम् एवं जनगणमन को राष्ट्रगान का सम्मान दिया एवं सभा की समाप्ति पर सभी ने वंदेमातरम् कहकर परस्पर अभिवादन किया। अभी - अभी संपन्न हुई 31 अक्टूबर 2025 को एकता परेड में अलग-अलग वाद्य यंत्रों के माध्यम से वंदेमातरम् की संगीतमय प्रस्तुति उन सभी प्रश्नों का उत्तर मिलते हुए भी हम सबने देखा है ।

विभाजन के जो बीज साम्राज्यवादियों ने हमारे देश में बोए थे एवं अदूरदर्शिता के कारण हमारा जो तत्कालीन नेतृत्व उसमें फंस गया था, वह आज अलगाववादी वृक्ष के रूप में हमारे सम्मुख खड़े हैं । 1947 में भारत के विभाजन की विभीषिका भी हम देख ही चुके हैं। पुनः ऐसा न हो पाए ,हम सांस्कृतिक एकता के आधार पर एकजुट हों इसकी आवश्यकता है । वंदेमातरम् गीत उसी सांस्कृतिक एकता का गीत है । वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती इसी संकल्प पूर्ति में सहायक बनेगी। इस शुभ अवसर पर सम्पूर्ण देश आनंद, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का गायन करें।

*- लेखक राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा*

महिला क्रिकेट
विवेक शुक्ला



# छोटे शहरों की बेटियां करतीं सपने साकार

बीते 2 नवंबर का वह ऐतिहासिक पल, जब नवी मुंबई के दर्शकों से खचाखच भरे डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी महिला ओडीआई विश्व कप पर कब्जा जमाया। गौर करें कि इस विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से आ रही हैं। क्या यह संकेत है कि अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रो से भारत को बड़े खिलाड़ी मिलेंगे? बिल्कुल हां। अगर भारतीय क्रिकेट के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि हमारे देश की क्रिकेट का इतिहास हमेशा से बड़े महानगरों जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छोटे शहरों से आने वाले खिलाड़ी अपवाद थे। महिला क्रिकेट में भी यही सिलसिला चला। 1980-90 के दशक में मिताली राज (हैदराबाद) या झूलन गोस्वामी (कोलकाता के उपनगर से) जैसी दिग्गजों ने रास्ता दिखाया, लेकिन टीम का कोर हमेशा बड़े शहरों से ही रहा। लेकिन 2025 विश्व कप की भारतीय टीम में परिवर्तन स्पष्ट है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में कम से कम 10 खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। उदाहरण के लिए, शेफाली वर्मा का संबंध रोहतक से है, जहां क्रिकेट अकादमियां सीमित हैं। शेफाली ने स्थानीय क्लब से शुरुआत की और 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसी तरह, दीप्ति शर्मा आगरा से हैं, जहां ताजमहल की छाया में क्रिकेट का सपना देखना आसान नहीं था। दीप्ति ने घर पर ही नेट प्रैक्टिस की शुरुआत की, और आज वे विश्व कप की हीरो हैं। नई पीढ़ी की ये लड़कियां और भी प्रेरणादायक हैं। उमा चेत्री, असम के सिलचर जिले के एक छोटे से गांव से, जहां बाढ़ और गरीबी आम हैं, ने विकेटकीपिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी कहानी फिल्मी लगती है, स्कूल के मैदान पर गेंद पकड़ते हुए सपने बुनना, फिर राज्य स्तर पर चयन, और विश्व कप फाइनल में योगदान। मध्य प्रदेश के छतरपुर से आती हैं क्रांति गौड़, जिन्होंने खेतों के बीच गेंदबाजी सीखी। वे स्पिनर हैं और विश्व कप में अपनी किफायती गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया। श्री चरनी आंध्र प्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र से संबंध रखती हैं, जहां क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर न के बराबर है। ये नाम न सिर्फ टीम की ताकत हैं, बल्कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं का प्रमाण है। भारतीय महिला टीम के 2025 स्क्वॉड में 70 फीसदी खिलाड़ी गैर-महानगरीय पृष्ठभूमि से हैं, जो 2017 विश्व कप स्क्वॉड (जिसमें 40 फीसदी थे) से दोगुना है। यह बदलाव रातोंरात नहीं हुआ। कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का महिला क्रिकेट पर बढ़ता फोकस। 2013 के बाद से, बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट्स जैसे सीनियर महिला ट्रॉफी और सुपर लीग में छोटे राज्यों को अधिक मौके दिए। इससे झारखंड, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों से प्रतिभाएं उभरीं। दूसरा, डिजिटल क्रांति का योगदान। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर कोचिंग वीडियो उपलब्ध होने से छोटे शहरों की लड़कियां घर बैठे सीख रही हैं। तीसरा, सरकारी योजनाएं। 'खेलो इंडिया' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। असम सरकार ने उमा चेत्री जैसे खिलाड़ियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी। चौथा, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का प्रभाव। 2023 से शुरू हुई डब्ल्यूपीएल ने छोटे शहरों की लड़कियों को प्लेटफॉर्म दिया, जहां वे बड़े कोचों से सीख सकें। लेकिन चुनौतियां भी हैं। छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी, जैसे अच्छे ग्राउंड, कोचिंग सेंटर या यहां तक कि सुरक्षित यात्रा, अभी भी बाधा हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह भी एक मुद्दा है; कई परिवारों में लड़कियों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देना ही बड़ी जीत होती है। फिर भी, ये बेटियां साबित कर रही हैं कि सपने शहर की सीमा नहीं मानते। विश्व कप जीत के बाद, रोहतक में शेफाली के सम्मान समारोह में हजारों लड़कियां मैदान पर उतरीं, जो भविष्य की प्रतिभाओं का संकेत है। यह ट्रेंड सिर्फ महिला क्रिकेट तक सीमित नहीं। पुरुष क्रिकेट में भी छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं। लेकिन महिलाओं में यह ज्यादा तेजी से हो रहा है, क्योंकि क्रिकेट अब लैंगिक बाधाओं को तोड़ रहा है। कुल मिलाकर बात ये है कि अब छोटे शहरों से भारत के बड़े खिलाड़ी आने लगे हैं। 2025 महिला विश्व कप जीत इसका जीवंत प्रमाण है। यह बदलाव क्रिकेट को अधिक समावेशी बना रहा है, जहां प्रतिभा का जन्म स्थान मायने नहीं रखता। लेकिन इसके लिए हमें और निवेश चाहिए, ग्रामीण अकादमियां, महिला कोचिंग प्रोग्राम और जागरूकता। जैसा कि हरमनप्रीत कौर ने फाइनल के बाद कहा, 'यह जीत उन सभी छोटे शहरों की बेटियों के लिए है जो सपने देख रही हैं।'

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

# तुलसीदास ने श्रीराम के दर्शन का उपाय बताया



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। *- विनोद गुप्ता, दुर्ग*

ट्रेंड

### बिहार में 'स्वर्णयुग'



आरजेडी के 15 वर्षों के कुशासन ने बड़े-बड़े दुर्दांत जातीय नरसंहार बिहार के अंदर करवाए थे। यहां अधिकारी नहीं, अपराधी सत्ता के समानांतर व्यवस्था का संचालन करते थे। मगर आज एनडीए के नेतृत्व में बिहार का 'स्वर्णयुग' चल रहा है। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### अवैध संपति



जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ की अवैध संपति मिली है तो सोचिए उनके पास ख़ुद कितनी दौलत होगी और उनके उस 'ऊपरवाले' के पास कितनी, जिनके आशीर्वाद से वो बचे हैं।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### ये जीत ऐतिहासिक



ये जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आये हैं। इस जीत पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को मेरी हार्दिक बधाई!
- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### महिलाओं के अधिकार




भारतीय महिलाओं को कितनी बार अपनी ताकत, लचीलापन और अपने राष्ट्र का सच्चा गौरव साबित करना पड़ता है? और फिर भी उन्हें अपनी गरिमा, सम्मान और अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।
- शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

# पाक में पुरातात्विक खुदाई में आठ स्थलों का पता चला

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले क्षेत्र में चल रही पुरातात्विक खुदाई के दौरान आठ प्राचीन स्थलों का पता चला है जिसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इटली के पुरातत्वविदों ने खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से इन प्राचीन स्थलों का पता लगाया है। स्वात के बारिकोट में लगभग 1,200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का दुर्लभ प्रमाण है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने बताया कि बारिकोट (प्राचीन बज़ीरा) में खुदाई के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर और आसपास की पुरातात्विक परतों के चारों ओर एक सुरक्षात्मक 'बफर ज़ोन' स्थापित करने के लिए खुदाई क्षेत्र का विस्तार स्वात नदी की ओर कर दिया गया है। 'खैबर पथ परियोजना' नामक इस तीन वर्षीय पहल के तहत, 400 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को खुदाई, संरक्षण और विरासत प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। एक जून से शुरू हुई इस परियोजना का उद्देश्य प्रांत में क्षेत्रीय विकास, व्यावसायिक क्षमता निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।




ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो - अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ - आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।




पंजाब सरकार
द्वारा
मुख्यमंत्री
स. भगवंत सिंह मान
के नेतृत्व में
आप सभी को
मानवता के कल्याण हेतु
"किरत करो, नाम जपो, वंड छको"
का शाश्वत संदेश देने वाले
प्रथम पातशाह
श्री गुरु नानक देव जी
के
556वें प्रकाश पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब



# अंचल में गर्भावस्था में सधौरी का रिवाज

संस्कृति
डा. रमाकांत सोनी

छत्तीसगढ़ की कई जातियां सधौरी रिवाज का पालन करते हैं। इसे लड़की के मायके में प्रथम शिशु के आगमन की खुशी में गर्भ धारण के सातवें माह में मनाते हैं। गर्भावस्था के दौरान भावी संतान से हर कोई अपना नाता जोड़ कर आह्लादित रहता है। माता में मातृत्व का गौरव व कांतिपूर्ण चेहरा चमकने लगता है, तो पति में पिता बनने की पुलक। सास ससुर में दादा दादी बनने की ललक तो वंश परम्परा के आगे बढ़ने का अभिमान पूर्ण गौरव भी होता है। गर्भवती के पांचवें माह पूरा करते ही इस खुशी में ननिहाल और मायके को भी शामिल किया जाता है। इस माह में किसी भी तिथि का चयन



लड़की के ससुराल और मायका दोनों पक्षों की सहमति से किया जाता है, किन्तु दिन सोमवार का ही चयन किया जाता है। नियत तिथि में स्नान के बाद मेंहदी लगाकर गर्भवती महिला को बिठाकर उसके आंचल में लड्डू डालते हैं। यहां उपस्थित महिलाएं भी उपहारों से गर्भवती का झोला भरती हैं। यहां झोला का प्रतीक आंचल है, जिसे छत्तीसगढ़ में लोग ओली कहते हैं। सीमांतोनयन संस्कार के इस पर्व हेतु पंडित से इस शुभ कार्य हेतु मुहूर्त निकलवाते हैं, तत्पश्चात दोनों पक्षों के रिश्तेदारों को सूचना देने हेतु कुछ दिन पूर्व आमंत्रण हेतु लेवाल जाते हैं।गर्भवती के नौवें माह प्रारंभ होते ही घर में खुशियां दौड़ जाती है नए मेहमान के स्वागत में पूरा परिवार लग जाता है, इसी माह इस विशेष उत्सव की बारी आती है जिसे हम सधौरी कहते हैं।

कला जगत
डा. अर्चना पाठक

## मौर्यकालीन छत्तीसगढ़ में संगीत का प्रभाव



इतिहासकारों के अनुसार बस्तर क्षेत्र कलिंग राज्य से लगा हुआ समीपवर्ती क्षेत्र था, जो तत्कालीन खारवेल वंश का गढ़ था। अशोक ने धर्म को आधार बनाकर इस क्षेत्र में प्रवेश किया। समीपस्थ ग्राम मल्हार, तुरतुरिया एवं सिरपुर से बुद्ध प्रतिमा और जातक कथाओं की प्राप्त शिल्प सामग्री इस बात का द्योतक है। मौर्यकालीन छत्तीसगढ़ में नंद और मौर्यों के विस्तृत साम्राज्य के अंतर्गत एक बड़ा भू भाग आता है। वर्तमान छत्तीसगढ़ में सघन वन प्रान्तरो के मध्य सरगुजा के रामगिरी पर्वत पर मौर्यकालीन अवशेष सीता बेंगरा, लक्ष्मण बेंगरा, जोगीमारा गुफा और वशिष्ठ गुफा आदि का प्राप्त होना इस बात का सप्रमाण पुष्टि करता है कि तत्कालीन संगीत का प्रचार प्रसार छत्तीसगढ़ में पर्याप्त रूप में था। राजाओं का अंतःपुर सदा सांगीतिक ध्वनियों से परिपूर्ण रहता था। राज पुत्रों के जन्म पर पूरे राज्य में सांगीतिक आयोजन होते थे। राजा स्वयं भी संगीत का गुणी कलाकार होता था। पहाड़ों पर होने वाले संगीत कार्यक्रम को गिरिग्ग समज्जा कहा जाता था, इसमें सभी वर्ग के स्त्री और पुरुष समान रूप से भाग ले सकते थे। समाज में सामान्य रूप से भी स्त्रियां संगीत शिक्षा प्राप्त करती थीं।

ऐतिहासिक
सुधीर सक्सेना

## विद्रोह का स्वर भूमकाल आंदोलन में

आवटिक मानसिकता का अदभुत लोक है बस्तर। मौर्यकालीन वत्सर ही आज का बस्तर है। इतिहास के प्रारंभिक काल से ही आवटिक योद्धा के रूप में प्रसिद्ध रहे हैं बस्तर के आदिवासी। समय का पहिया घूमता रहा। मुगल काल में बस्तर की अस्मिता अक्षुण्ण रही। मगर 18 वीं सदी के उत्तरार्ध में कंपनी सरकार की दस्तक ने बस्तर की नींद हराम कर दी। सन 1774 से सन 1910 के बीच बस्तर ने दस बार संघर्ष की भेरी फूंकी। सन 1774 के भूमक से लेकर सन 1910 तक भूमकाल बस्तर के क्रमिक संघर्ष जिजिविषा और दुस्साहस की रक्तरंजित गाथा है। बस्तर अंततः पराभूत हुआ, लेकिन उसने न तो अपनी आवटिक परम्परा त्यागी, जिस पर कौटिल्य मुग्ध था और न ही उसने अपनी टेक छोड़ी। बाहरी दासता के खिलाफ संघर्ष बस्तर की प्रकृति है। विदेशी आक्रामको के खिलाफ बस्तर की पहली रक्त गाथा अठारहवीं शती के उत्तरार्ध में लिखी गई। जब रियासतों के शासक एक एक कर कंपनी सरकार के सामने सिर झुकाते जा रहे थे और अपमान जनक संधि पत्रों पर हस्ताक्षर कर अपनी प्रभुसत्ता और सम्मान की गिरवी रख रहे थे। इस समय बस्तर राज ने आत्मसम्मान और गौरव की रक्षा के लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी।



**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें– **Choupalharibhoomi@gmail.com**

मेला मड़ई
रोशन लाल

# दूरिहा दूरिहा ले लोगन आथे
## राजनांदगांव जिला के मोखला मड़ई



राजनांदगांव जिला ले लगे शिवनाथ नदी के सुग्घर तीर मा बसे मोखला गाँव के नाँव आज जम्मो छत्तीसगढ़ हा जानथे। कातिक पुन्नी मा शिवनाथ नदी के तीर मोहारा मड़ई के बड़ महत्तम अउ सोर हावय। ये मड़ई पहिली एके दिन भराय, फेर अब येकर आयोजन हा तीन दिन के होवत हावय। फेर एक बात ला धियान देय ला परही कि मोहारा मेला के एक दिन आघू बुढ़वा पुन्नी के दिन मोखला मा मड़ई भराथे। अतराब मा मोखला मड़ई के बड़ सोर हावय।

शिवनाथ नदी के तीर मा सुग्घर शिव मंदिर के स्थापना आज ले पैंसठ बछर पहिली सन उन्नीस सौ साठ मा कातिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के दिन होय रिहिस। समे जुग काल के प्रभाव बदलाव अभू - तभू दिखे ला मिल जाथे। पहिली के मनखे मन अपन कमई के दसवाँ हिस्सा ला तरिया, कुँआ, बावली बनाय बर, गरीब मनखे मन के मदद करे बर, दान पुन्न बर सदा अगुवाय राहँय। मोखला गाँव के अमृत गौंटिया के सोर चारों मुड़ा बगरे रिहिस। आजादी के पहिली राज रजवाड़ा रिहिस त वो समे मा उँकर नेक दिली ला नांदगांव स्टेट के राजा घलो जानय। बेरा-बेरा मा अनाज के संगे-संग कांदा कुशा, घुड़साल बर खाना-दाना गौशाला बर कांदी अउ पैरा-भूसा भेजवाय जइसन सेवा मोखला के गौंटिया डाहर ले बड़ मन लगा के होय। फेर काल हा बड़ सबल हे।अईसन दयालु पुण्यात्मा गौंटिया के निधन 1959 मा भरे जवानी मा होगे।



संसों के करिया बादर हा जइसे गांव ल लीले बर जोम दे दे रिहिस। कहे जाथे जब कोनो मनखे इहलोक ले परलोक गमन करथे त अपन पाछू धन-दोगानी संग सुमत के बिजहा ले परिवार कुटुम्ब ल संभले बर जादा दिन नइ लागे। ठऊँका इहि बात अमृत गौंटिया के भरे पूरे परिवार संग घटिस। सियानन मन कहे हे 'संग भल ता रंग भल' इंकर धर्मपत्नी गंगा बाई गौंटनिन घलो अपन गोसाईयाँ कस परमारथ भाव रखइया, सबके सुख-दुख मा संग देवईया रिहिस। देवता-धामी के मान गउन बर गंगा गौटनिन ल गांव अतराब के मनखे मन जानय। फेर चिन्ता फिकर हा कोन ला नइ धरे हे? गौटनिन मने-मन गुने लगिस अतेक भलेमानुस पति के नाँव सदा-सदा अमर राहय तेकर बर काय करनी- करम करना चाही? फेर शुभ संकल्प ल पूरा करे बर देवतन मन घलो साहित रहिथें। देव प्रेरणा ले गौटनिन सोंचे लगिस शिव मंदिर बनवा देतेंव? अईसन काम मा गांव वाले मन घलो हांसी-खुशी जघा देइन। मंदिर छह महीना मा बनगे। जिंहा भगवान शिव के मूरति स्थापना 1960 मा बुढ़वा पुन्नी के दिन होईस। तिही दिन मुर्रा लाडू साग- भाजी के एक दू ठन पसरा ले मड़ई के शुरुआत होईस। हर बछर गौटनिन हा अपन गोसाईया के सुरता मा पूजा-पाठ अउ मड़ई करवाय त रात मा सांस्कृतिक कार्यक्रम नाचा पेखन करवाय बर कभू नइ पछुवाय।अपन जियत-जियत गांव के सियान मन ला सकेल के हर बछर के आयोजन बर दू एकड़ खेत ला आयोजन के नाँव कर दीस। रेगहा ले अवइया रूपिया ले पूजा-पाठ अउ मड़ई आयोजन बने सुलीन लगा के हो सकय? उँकर जम्मो परिवार संग ग्राम विकास समिति हा आयोजन मा बढ़-चढ़ के हिस्सा लेथें।

दिनों-दिन मोखला मड़ई बढ़तेच जावत हे। सईमों-सईमों करत भीड़ रहचुली-झूला, खेल- खिलौना, आनी-बानी के दुकान सजे के पाछू जब गाँव के राउत संगवारी मन अपन साज- सवांगा, बाजा-गाजा,बैरग- मड़ई धरे नाचत- गावत दोहा पारत शिव मंदिर के परिक्रमा करत मड़ई मा अपन पाँव थिरकावत निकलथे त देखनी हो जाथे।

पुराविद: डा. टी. आर. रामटेके

# पांडु कुल के शासन काल में कल्चुरीकालीन किले

छत्तीसगढ़ में पांडु कुल के शासकों ने मुख्य रूप से सिरपुर, खरौद, सिंघनगढ़, गढ़सिवनी को किले के रूप में प्रयोग किया, जिसका निर्माण पूर्ववर्ती काल में हुआ था। सिरपुर, खरौद, सिंघनगढ़ कल्चुरी काल में किले के रूप में प्रयोग हुए थे। पांडु कुल की राजधानी सिरपुर से दक्षिण दिशा में 10 कि मी की दूरी पर महानदी के तट पर गढ़सिवनी दुर्ग है, जो एक जल दुर्ग है। जिसकी मुख्य परिखा में महानदी के जल को भरने की व्यवस्था थी। मुख्य परिखा के बाहर की ओर 60 मी चौड़ी मिट्टी का प्राकार था। मुख्य परिखा 50 मी चौड़ी व उसकी लंबाई 800 मी थी। मुख्य प्राकार व परिखा के वर्तमान में सिर्फ वर्तमान में अवशेष प्राप्त होते हैं। मुख्य परिखा के अंदर की ओर दूसरा परकोटा था, जिसके वर्तमान में ऊंचे टीले के रूप में अवशेष उपलब्ध हैं। द्वितीय परकोटा के अंतर्गत द्वितीय परिखा थी, जिसके भीतर वर्गाकार प्रस्तर निर्मित गढ़ था। वर्तमान में इसके कुछ अवशेष उपलब्ध हैं। गढ़ सिवनी के सिंह द्वार पर प्रस्तर निर्मित सीढ़ियां हैं। इसी तरह द्वार भित्ति पर मूर्ति शिल्प के अलंकरण उपलब्ध हैं यही पर अहाते में बैठी वस्त्र विहीन नारी की विशालकाय मूर्ति मिली है, जिसे ग्राम वासी लज्जा गौरी के नाम से जानते हैं।





लोक साहित्य
दयाशंकर शुक्ल

## सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में छत्तीसगढ़ी साहित्य

छत्तीसगढ़ी साहित्य के समृद्ध इतिहास को देखें तो सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में उमराव बख्शी और प्रहलाद दुबे की अहम भूमिका मानी जाती है। कवि उमराव बख्शी खैरागढ़ के निवासी थे, उस काल में राजा फतेह सिंह शासन करते थे। आपने फतेह विलास, काव्य प्रबोध और जानकी मंगल की रचना की। आप छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के सुप्रसिद्ध लेखक पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के पूर्वज रहे हैं। सारंगढ़ निवासी प्रहलाद दुबे जय चंद्रिका के रचनाकार थे। आपने संबलपुर के महाराजा जैतसिंह के जीवन वृतांत पर 1838 में काव्य रचना की। इसी काल में छुईखदान में महंत लक्ष्मण दास का भी उल्लेख साहित्य के क्षेत्र में मिलता है। अविभाजित मध्यप्रदेश के मंडला



जिले में कवि प्राणनाथ भी लेखन के लिए सक्रिय रहे। इसके बाद लेखन कर्म के वृद्धि के अनेक प्रमाण देखे जाते हैं, जिसके क्रम में लगातार वृद्धि दर्ज की गई।

जनजाति विशेष : ए आर एन श्रीवास्तव



# कमार जनजातियों का सामाजिक संगठन

सामान्यतः किसी भी जनजाति के सामाजिक संगठन को व्यवस्थित संचालन के लिए सात भागों में विभाजित किया जा सकता है, जिससे समस्त संस्कार और किसी भी कार्य का अपना उचित परिणाम सब के लिए अच्छा हो सके। प्रत्येक इकाई एक छोटा, मध्यम अथवा वृहद क्षेत्र से जुड़ा होता है। छोटे या मध्यम प्रकार की इकाइयां एक गांव तक ही सीमित होती हैं अर्थात एक गांव स्थानीय समूह बन जाता है। सदस्यगण इन्हीं इकाइयों में अपनी दैनिक क्रियाएं संपन्न करते हैं। किन्तु कुछ मामलों में जैसे विवाह संबंध के लिए उन्हें स्थानीय समूह के बाहर यानि गांव के बाहर जाना पड़ता है। इसी संदर्भ में कमारों के जनजातीय स्तर पर निम्न क्षेत्रीय विभाजन देखने को मिलते हैं जिसमें नवागढ़िया, पहारपतिया, देवभोगिया, गरियाबंदिया, छुरा रजिया, खालसा रजिया, खरियार रजिया तथा कोमाखान रजिया। सामाजिक संगठन का केन्द्र बिन्दु परिवार है तथा इनमें अन्य इकाइयां स्थानीय तथा गौत्र समूह होते हैं। कमारों का परिवार पितृवंशीय और पितृनिवासी हैं।



# राज्य अलंकरण एवं 'रजत महोत्सव' समापन समारोह 2025

5 नवंबर 2025 | सायं 4 बजे
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर



श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री

## मुख्य अतिथि

**श्री सी.पी. राधाकृष्णन**
मान. उपराष्ट्रपति

## अध्यक्ष

**श्री रमेन डेका**
मान. राज्यपाल, छत्तीसगढ़

## अतिविशिष्ट अतिथि

**श्री विष्णु देव साय**
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विशिष्ट अतिथि

**श्री तोखन साहू**
मान. केन्द्रीय राज्यमंत्री

**डॉ. रमन सिंह**
मान. अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

**श्री अरूण साव**
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री दयाल दास बघेल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री केदार कश्यप
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री लखन लाल देवांगन
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री ओ.पी. चौधरी
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गजेन्द्र यादव
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री राजेश अग्रवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गुरू खुशवंत साहेब
मंत्री, छत्तीसगढ़

डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़

श्री बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर

श्री राजेश मूणत
विधायक

श्री पुरन्दर मिश्रा
विधायक

श्री मोती लाल साहू
विधायक

श्री अनुज शर्मा
विधायक

श्री सुनील सोनी
विधायक

श्री इंद्र कुमार साहू
विधायक

एवं

समस्त सांसद, विधायक, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, महापौर रायपुर एवं सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं।**



सूर्यकिरण एयरोबेटिक शो
प्रातः 10:00 बजे | सेंध जलाशय, नवा रायपुर अटल नगर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें



लखपति दीदी सम्मेलन
दोपहर 02:00 बजे
स्टेट स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# टेट की अनिवार्यता समाप्त करने 4 जनवरी को दिल्ली में प्रदेशभर के शिक्षक देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

■ पीएफआरडीए में जमा एनपीएस राशि कार्मिकों को वापस करने की मांग

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलून भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर 4 जनवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना प्रदर्शन के साथ रैली निकालकर केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही पुरानी पेंशन बहाली राज्य के कार्मिकों का पीएफआरडीए में जमा एनपीएस राशि को वापस करने की मांग प्रमुखता से की जाएगी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में देशभर के शिक्षक 4 जनवरी को जंतर मंतर दिल्ली में जुटेंगे।

वहां वे केंद्र सरकार के सामने मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जब से लागू की गई है, उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जावे। विदित हो, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय में 5 वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है, इसके पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य नहीं था। इसी तरह अन्य राज्यों में भी अलग अलग तिथि में टीईटी की अनिवार्यता की गई है, इसलिए केंद्र सरकार या तो सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप या पुनर्विचार याचिका दायर करे।

## मरीज की बिगड़ी तबीयत एयर एंबुलेंस रायपुर में लैंड

रायपुर। इलाज के लिए मरीज को लेकर सिलीगुड़ी से हैदराबाद जा रही एयर एंबुलेंस की रायपुर एयरपोर्ट में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। मरीज को आनन-फानन आंबेडकर अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बाजार नक्सलबाड़ी निवासी 37 साल के अमित पिता तपन सिन्हा को गंभीर बीमारी की हालत में इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए हैदराबाद ले जाया जा रहा था।

# स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर काउंटर सिग्नेचर जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अब स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर काउंटर सिग्नेचर की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर के लिए अब मुख्यालय या क्षेत्रीय कार्यालय को कोई अनुरोध न भेजें। बोर्ड ने पहले ही यह प्रक्रिया बंद कर दी थी, जिसमें एक सीबीएसई स्कूल से दूसरे सीबीएसई स्कूल में ट्रांसफर के समय टीसी पर काउंटरसिग्नेचर की आवश्यकता होती थी। सीबीएसई के मुताबिक, "बोर्ड के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों को अब भी कुछ स्कूलों से ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर के अनुरोध मिल रहे हैं। स्कूलों द्वारा सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का पालन न करना न केवल अभिभावकों और छात्रों के लिए असुविधा पैदा करता है, बल्कि डिजिटलीकरण के इस युग में प्रक्रिया को भी बाधित करता है।" सीबीएसई ने अपने निर्देश में कहा है कि अब किसी भी ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर काउंटरसिग्नेचर की जरूरत नहीं है और सभी स्कूलों को इस निर्देश का पालन करना अनिवार्य है। नए निर्देश के मुताबिक, अब सीबीएसई स्कूल से दूसरे सीबीएसई स्कूल में छात्र का ट्रांसफर होने पर टीसी पर किसी प्रकार की मुहर या काउंटरसिग्नेचर की आवश्यकता नहीं होगी। स्कूलों को मुख्यालय या रीजनल ऑफिस को टीसी भेजने की जरूरत नहीं है। यह निर्णय प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाने के लिए लिया गया है। सीबीएसई द्वारा पूर्व में ही नियमों से अवगत कराए जाने के बाद भी स्कूलों द्वारा गलतियां दोहराए जाने के कारण बोर्ड ने फिर से स्थिति स्पष्ट की है। बोर्ड ने सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए सिंगल गर्ल मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के लिए एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख 20 नवंबर तक बढ़ा दी है।

यह उन छात्राओं पर लागू होता है जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और जिन्होंने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा, परिवार की सालाना इनकम 8 लाख रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आवेदन के दौरान इनकम का नोटराइज्ड सेल्फ-डिक्लेरेशन ऑनलाइन अपलोड करना होगा।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. 777 / वाहन /2025 दिनांक 29.10.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा अधिकृत विक्रेता एवं डीलर्स द्वारा अधिकृत संस्था से निम्न लिखित कार्य हेतु शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर फार्म सी में निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न वाहनों / जे.सी.बी. (बैंकहो लोडर) के लिए लुब्रिकेन्ट प्रदाय वार्षिक दर निर्धारण अंतर्गत। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 19.20 | 21.11.2025 (T.No. 178258) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)



## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI, DISTT.-MUNGELI (C.G.)

### e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST CALL)

**NIT No.: 12/SAC/2025-26, Dated: 03-11-2025**

**Online Tenders are invited for the following works up to 24-11-2025 at 17.30 Hour BALANCE WORK OF CANAL OF MANIYARI BARRAGE SCHEME UNDER PATHARIYA BLOCK DISTRICT MUNGELI.**

System Tender No. 178484, Probable Amount of Contract: Rs. 279.68 Lakhs (As Per SOR on 22-08-2022)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 10-11-2025, at 17.31 Hours.** (IST) onwards.

**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

EXECUTIVE ENGINEER
MANIYARI W.R. DIVISION MUNGELI
DISTT-MUNGELI (C.G.)

G 252604528/4


# छत्तीसगढ़ में 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला

## ग्रामीण इलाकों और नक्सल प्रभावित जिलों में बनेंगे

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक तरफ एसआईआर सर्वे शुरू हो रहा है, तो दूसरी तरफ मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बूथों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला किया है। बताया गया है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का उपयोग कर सके, माना जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक यह प्रक्रिया लागू हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ में दूसरी तरफ एसआईआर सर्वे का काम भी शुरू हो रहा है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारियां कर ली हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन विभाग ने इस बार 2828 नए मतदान केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है, इन नए केंद्रों के जुड़ने से राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 से बढ़कर 27199 हो जाएगी। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। साथ ही जिन क्षेत्रों में पिछली बार मतदाता दूरी या भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें. निर्वाचन आयोग की योजना के तहत, नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित किए जाएंगे। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मतदाता को अपने घर से मतदान केंद्र तक जाने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े. सभी मतदान केंद्रों पर इस बार सभी तरह की सुविधाएं होंगी। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 2.80 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से करीब 12 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। आयोग को उम्मीद है कि नए मतदान केंद्रों की स्थापना से इस बार मतदान प्रतिशत में 3 से 4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। 2028 में छत्तीसगढ़ में अगले विधानसभा चुनाव होंगे।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. /निर्माण/2025 दिनांक 31.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 03 अंतर्गत डी डी एम रोड साईं मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। (जि.ख.न्या. मद) (द्वितीय निविदा) | 25.00 | 17.11.2025 (T.No. 178339) |
| 2 | वार्ड क्र 18 अंतर्गत जोगियाडेरा भवानी मंदिर पूर्वांचल भवन के समीप अहाता निर्माण एवं अन्य विस्तार कार्य। (जि.ख.न्या. मद) (द्वितीय निविदा) | 25.00 | 17.11.2025 (T.No. 178340) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)



## छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
मुख्यालय, 6वीं मंजिल, टावर 'सी' कमर्शियल काम्प्लेक्स, सी.बी.डी., सेक्टर 21, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) 492002

फोन : 0771-2425405, 2425444
E-mail: mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्रमांक / खाद प्रशा./40/3877 / 2025, न.रा.अ.न. दिनांक 04/11/2025

### रबी 2025-26 हेतु रासायनिक उर्वरकों के क्रय बाबत ई-निविदा (द्वितीय आमंत्रण) सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय रायपुर द्वारा रबी 2025-26 हेतु रासायनिक उर्वरक डीएपी, एनपीके 12:32:16, एनपीके 20:20:0:13, एनपीके 14:35:14, एनपीके 16:16:16, एमओपी, एसएसपी पाउडर, एसएसपी दानेदार एवं जिंकेटेड एसएसपी पाउडर क्रय करने हेतु ई-निविदा (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश एवं शर्तें वर्णित हैं) दिनांक 05.11.2025 से 24.11.2025 तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा सूचना, वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** में जाकर संबंधित इच्छुक निविदाकर्ता ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर निविदा प्रपत्र में दर्शाए गए निर्देश अनुसार ऑनलाइन निविदा भर सकते हैं। निविदा प्रारूप, शर्तों एवं निबंधन विपणन संघ के वेबसाइट **https://markfed.cg.nic.in** पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाइडलाइन के रूप में उपलब्ध है। ई-निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी हेतु **Mjunction** में संपर्क किया जा सकता है।

**E-mail:- helpdesk.cgeproc@mjunction.in, phone no.- 18004199140**

संवाद - 45781 उपप्रबंधक (कृ.सा.)



## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर-रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495009

वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in,
ईमेल-आईडी registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /106/यांत्रिकी / निविदा/2025 बिलासपुर, दिनांक 03.11.2025

### सूचना

ई. निविदा क्र. NI e no.2/Engg./ABVV/Tent services Work/ 2025, Bilaspur Dated 29.10.2025 के माध्यम से विश्वविद्यालय में टेंट सर्विसेस के लिए निविदा मंगाया गया है।

अन्य एवं विस्तृत जानकारी के लिए देखें वेबसाईट :Gem.gov.in एवं www.bilaspurunivesity.ac.in.

संवाद - 45786 कुलसचिव


## ई-रिक्शा ने बाइक को ठोंका, युवक की मौत

रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा की ठोकर लगने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ई-रिक्शा सीजी 04 पीवी 7572 की ठोकर लगने से रविंद्र सोना की मौत हुई है। रविंद्र अपनी बाइक से आरवीएच कालोनी की ओर से डीआरएम आफिस जा रहा था।


## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./ यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

सिस्टम निविदा क्र. 178509 एवं 178521/निविदा सूचना क्र. 17 एवं 18/व.ले.लि./2025-26 दिनांक. 03.11.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 20.11.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

| निविदा सुचना क्रमांक | निविदा सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 17/व.ले.लि./ 25-26 दिनांक. 03.11.25 | 178509 (चतुर्थ आमंत्रण) | रायगढ़ जिले (वर्तमान में सारंगगढ़-बिलाईगढ़) के विकास खण्ड बरमकेला अर्तगत सांकरा मेगा उद्वहन सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य। | 1163.37 लाख |
| 18/व.ले.लि./ 25-26 दिनांक 03.11.25 | 178521 (द्वितीय आमंत्रण) | बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत घोंघा जलाशय के जलद्वारो, स्ट्रीट लाईट एवं वि./यां संबंधी उपकरणो का सुधार/ मरम्मत कार्य तथा स्टील पाथवे एवं साईन बोर्ड निर्माण कार्य। | लाख 199.57 |

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.11.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य लें

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2026) का उपयोग अनिवार्य है।

3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी. के कंडिका 2.1.1 (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. ला.म. नलकूप एवं गेट संभाग
सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252604525/7



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

### कोंडागांव वन मंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार मेंसंग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ/बांसका e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग वें। e-Auction की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर वनमंडल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोंडागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 10/11/2025 प्रात: 9:00 बजे से |

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोपज | | | निरस्त वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | |
| सागौन | 3.580 | 17 | 54 | 15.458 | 221 | 120 | 0 | 0 | 0 | 19.038 | 298 | 174 |
| साल | 518.796 | 851 | 301 | 6875.222 | 231 | 1462 | 0 | 0 | 0 | 7394.018 | 1082 | 1763 |
| बीजा | 13.606 | 5 | 3 | 240.433 | 74 | 166 | 0 | 0 | 0 | 254.039 | 79 | 169 |
| साजा | 2.207 | 1 | 0 | 50.811 | 49 | 65 | 0 | 0 | 0 | 53.018 | 50 | 65 |
| हल्दू | 4.947 | 3 | 2 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4.947 | 3 | 2 |
| निलगिरी | 45.993 | 1007 | 198 | 1.131 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 47.124 | 1007 | 198 |
| अन्य | 52.312 | 114 | 106 | 242.260 | 70 | 67 | 0 | 0 | 0 | 294.572 | 184 | 173 |
| औ.बांस | | | | 9.980 N.T | | | | | | 9.980 N.T | | |
| योग | 641.441 | 2058 | 664 | 7425.315 | 645 | 1889 | 17.883 | 1 | 0 | 8066.756 | 2703 | 2544 |
| व्या.बांस | 0 | | | 9.980 N.T | | | 0 | | | 9.980 N.T | | |

टीप :-
(1) प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को e-Auction के पूर्व कय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम केता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव

जी. 252604532/7



## राशिफल


**मेष** मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।


**वृष** व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**मिथुन** लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।


**कर्क** कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।


**सिंह** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**कन्या** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।


**तुला** नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।


**वृश्चिक** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।


**मकर** नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।



**कुंभ** वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।


**मीन** आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## राष्ट्रपति की मौजूदगी में अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस

रायपुर। भगवान बिरसा मुण्डा का जन्मदिन 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 19 और 20 नवम्बर को अम्बिकापुर के पीजी मैदान पर भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 20 नवम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। वहीं उन्होंने प्रदेश के सभी आश्रम-छात्रावासों में गौरव दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में मंगलवार को नवा रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास कार्यालय में तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। आदिम जाति विकास मंत्री ने बैठक में कहा, जनजातीय गौरव दिवस गौरवपूर्ण आयोजन हो, इसके लिए सभी सबंधित आधिकारी-कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ अभी से कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दें।


## शब्द पहेली - 6038



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -6037 का हल



## सूडोकु नवताल 6048

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

*बिहार में प्रथम चरण के चुनाव के लिए मंगलवार को प्रचार अभियान थम गया। आखिरी दिन एनडीए, इंडिया सहित सभी दलों के नेताओं ने जनसंपर्क को लेकर पूरी ताकत झोंक दी। जदयू, भाजपा, राजद, कांग्रेस सहित सभी दलों के बड़े नेताओं ने जमकर हुंकार भरी। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए 6 व 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होना है। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।*

**बेतिया की चुनावी सभा में गृहमंत्री शाह ने राजद कांग्रेस के महागठबंधन पर साधा निशाना**

# ‘बिहार में जंगलराज वेष बदल वापस आना चाहता है एनडीए का बटन ऐसा दबाएं, झटका इटली में लगे’

## बिहार में 6 व 11 नवंबर को हो दो चरणों में होना है विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▶▶| बेतिया

गृहमंत्री अमित शाह ने बेतिया में चुनावी सभा की। यहां उन्होंने कहा, ‘जंगलराज चेहरा, वेष बदल वापस आना चाहता है। आपका काम है, इन्हें रोकना है। मैं लालू-राहुल से पूछना चाहता हूं, 10 साल तक केंद्र में उनकी सरकार थी। 15 साल लालू-राबड़ी की सरकार थी, उन्होंने दरभंगा के विकास के लिए क्या काम किया। उन्होंने सिर्फ बिहार को लूटा है।’ ‘जंगलराज वालों को सत्ता में आने से रोकना है। कमल और तीर छाप के निशान पर 11 नवंबर को इतनी जोर से बटन दबाइएगा कि इसका झटका इटली तक लगे।’ शाह ने कहा, राहुल गांधी ने 2 महीने पहले घुसपैठिया बचाव यात्रा निकाली थी। मैं उनसे कहता हूं, कितनी भी कोशिश कर लीजिए हम एक-एक घुसपैठिए को बाहर कर के रहेंगे।’ ‘इसी दरभंगा की धरती से राहुल गांधी की यात्रा में पीएम मोदी और उनकी मां के लिए अपशब्द कहे गए। जब-जब पीएम मोदी को ये लोग गाली देते हैं, कमल ज्यादा खिलता है।’



### सभी सीटों पर करना है सूपड़ा साफ

मोतिहारी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, ‘अगर आपने 6 और 11 नवंबर को वोट डालने में गलती की तो जंगलराज फिर से आ जाएगा। आपने पिछली चुनाव में 12 में से 9 सीटें हमें दी थी। इस बार सभी सीटों पर इनका सूपड़ा साफ करना।’ ‘पहलगाम में आतंकियों ने हमला किया। मोदी जी ने बिहार में कहा था कि इसका जवाब दिया जाएगा। इसके 20 दिन के अंदर ही पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर किया। पाकिस्तान ने फिर हिम्मत की तो गोली का जवाब तोप के गोले से देंगे। और ये गोले बिहार के डिफेंस कॉरिडोर में बनाए जाएंगे। बिहार के कारखाने में बने तोप के गोले से पाकिस्तानियों को सबक सिखाएंगे।’ ‘लालू-राबड़ी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। मैं कहना चाहता हूं कि न सीएम, न पीएम पद खाली है। बिहार में नीतीश कुमार सीएम हैं। केंद्र में मोदी हैं।’

### आरजेडी का मतलब रंगदारी, जंगलराज और दादागिरी



**भोजपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भोजपुर जिले के बड़हरा में कहा, आरजेडी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, आरजेडी का मतलब है रंगदारी, जंगलराज और दादागिरी। उन्होंने याद दिलाया कि 2003 में लालू प्रसाद ने ‘तेल पिलावन, लाठियां भजावन’ रैली निकाली थी। नड्डा ने कहा, जिन लोगों ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया, वे अब नई पैकिंग में जनता को गुमराह कर रहे हैं। तेजस्वी यादव कहते हैं नौकरी देंगे, पर देंगे कैसे? उनकी राजनीति अब जेल और बेल के बीच सिमट गई है। लालू, राबड़ी, तेजस्वी, मीसा सब बेल पर हैं। नड्डा ने कहा, यह चुनाव बिहार को विकसित राज्य बनाने का निर्णायक अवसर है। बिहार की विकास की गाड़ी 2005 के बाद पटरी पर आई है, अब इसे आगे बढ़ाना है। 1990 से 2005 तक का दौर अमावस्या की रात थी। महागठबंधन असल में ठगबंधन और लठबंधन है जिसने बिहार को लालटेन युग में रखा, जबकि एनडीए ने उसे एलईडी के युग में पहुंचाया।

### हमारा डायलॉग है विकास, उनका है ठोक देंगे कपार में’



राघोपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वैशाली जिले के राघोपुर में विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एनडीए का डायलॉग है ‘आई न हमारा बिहार में, दिखेगा विकास’, जबकि विरोधियों का नारा है ‘आई न हमारे बिहार में, ठोक देंगे कपार में’। रक्षा मंत्री ने कहा कि एनडीए राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करता, बल्कि देश निर्माण की राजनीति करता है। यही भाजपा और अन्य दलों के बीच का सबसे बड़ा अंतर है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब आरजेडी की सरकार आती है, तो वे नौकरी देने के बड़े वादे करते हैं।

### ‘यूपी का बुलडोजर अब बिहार में भी काम करेगा’



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समस्तीपुर में कहा, ‘यूपी का बुलडोजर अब बिहार में भी काम करेगा। माफिया को रौंद देंगे। इनके घर पर बुलडोजर चलाकर गरीबों के लिए पक्के मकान बना देंगे। हम तो सोच रहे हैं कि मोहिनउद्दीन का नाम बदलकर मोहन नगर रख देंगे। इतिहास की कोई ऐसी चीजें नहीं रखनी जो गलत है। इससे पहले भी हमने इस तरह के कई नाम बदले हैं।’ ये अच्छी सरकार चुनने का फायदा होता है। पहले की सरकार में गरीब बीमार होता था तो तड़प-तड़पकर मरता था। इलाज के लिए पैसे नहीं होते थे।

**राहुल ने किया पीएम मोदी पर हमला**

## ‘अदाणी-अंबानी को होता है रील से फायदा बिहारी युवाओं को रील नहीं रोजगार चाहिए’

**गयाजी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को गयाजी के वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र के भिंडस में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि उन्होंने डेटा सस्ता कर दिया, ताकि हर युवा इंस्टाग्राम और फेसबुक चला सके। लेकिन सच्चाई यह है कि जब आप रील बनाते हैं तो उसका फायदा अदाणी-अंबानी को होता है, आपकी जेब में कुछ नहीं आता। युवाओं को रील नहीं, रोजगार चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि कभी बिहार शिक्षा का केंद्र था, जहां नालंदा विश्वविद्यालय जैसी विश्वविख्यात संस्था थी। महागठबंधन की सरकार आने पर हम नालंदा में दुनिया की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटी दोबारा बनाएंगे।

### वोट चोरी कर बनाई सरकार

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर इन लोगों ने वोट चोरी नहीं की होती तो आज देश में इंडिया गठबंधन की सरकार होती। बिहार में भी यही कोशिश की जा रही है, लेकिन बिहार का युवा बूथ-बूथ पर इसका मुकाबला करेगा।



महागठबंधन की सरकार जाति-धर्म की नहीं, बल्कि गरीबों, युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं की सरकार होगी। ‘यह सरकार हर वर्ग की आवाज बनेगी।

### किसानों को मुफ्त बिजली और एमएसपी के अतिरिक्त देंगे बोनस

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना में अहम ऐलान करते हुए कहा कि अगर बिहार चुनाव बाद महागठबंधन की सरकार बनती है तो राज्य के किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि सिंचाई के लिए बिहार के किसानों को हम मुफ्त बिजली देने का काम करेंगे। बिहार में पहले चरण की वोटिंग से पहले तेजस्वी यादव ने ऐलान किया कि बिहार के किसानों को प्रोत्साहन के तौर पर धान की



एमएसपी के अतिरिक्त 300 रुपये प्रति क्विंटल के दर पर बोनस का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा गेहूं पर एमएसपी के अतिरिक्त 400 रुपया प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि राज्य में जो किसान हैं जो सिंचाई करते हैं उनको बिजली का इस्तेमाल करना पड़ता है। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद सिंचाई के लिए किसानों को बिजली मुफ्त दी जाएगी। तेजस्वी ने कहा कि अभी राज्य सरकार किसानों से सिंचाई के लिए 55 पैसा प्रति यूनिट लेती है लेकिन इसको जीरो किया जाएगा।

# एसआईआर का विरोध, सड़क पर ममता

## टीएमसी कार्यकर्ताओं ने किया पैदल मार्च

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पूरा हो चुका है। इसके बाद देश के 12 राज्यों में भी चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की घोषणा हुई है। मंगलवार से ही देश के 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच पश्चिम बंगाल में इसको लेकर बवाल मच गया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपनी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ इसके विरोध में सड़कों पर उतर गई हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व में मंगलवार को टीएमसी ने कोलकाता में पैदल मार्च किया।



### टीएमसी ने लगाया धांधली करने का आरोप

टीएमसी केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर एसआईआर के जरिए धांधली करने का आरोप लगा रही है। ममता बनर्जी ने रेड रोड पर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से पैदल मार्च शुरू किया। यह मार्च रविंद्र नाथ टैगोर के पैतृक घर ठाकुरबाड़ी में खत्म हुआ। इस मार्च में टीएमसी के समर्थकों ने केंद्र सरकार विरोधी और चुनाव आयोग विरोधी नारे भी लगाए।

### केंद्र सरकार को देश से हटा दें

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ‘आपने आधार कार्ड के लिए कितना भुगतान किया? आपने (केंद्र ने) प्रत्येक व्यक्ति से 1,000 रुपये लिए। अगर आपने आधार कार्ड बनाने के लिए जनता से 1,000 रुपये लिए, तो आप अभी भी यह क्यों कह रहे हैं कि मतदाता सूची के लिए आधार कार्ड नहीं, राशन कार्ड के लिए आधार कार्ड नहीं? आप किसे धोखा दे रहे हैं? इसलिए सबसे अच्छा यही है कि यह एक बदलाव करें और दिल्ली सरकार को देश से हटा दें। आधार की कोई जरूरत नहीं होगी। आप कितने कार्ड बनाएँगे? राशन कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान कार्ड, श्रमिक कार्ड।’

**झूठे आरोप में 43 साल रहना पड़ा जेल**

## अमेरिका में भारतवंशी की देश निकाला प्रक्रिया पर लगी रोक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी अदालतों ने भारतीय मूल के उस व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, जिसे एक हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा। 64 वर्षीय सुब्रमण्यम वेदम की हत्या की सजा को इसी साल अदालत ने रद्द कर दिया था। वेदम जब सिर्फ 9 महीने के थे, तब अपने माता-पिता के साथ कानूनी रूप से अमेरिका पहुंचे थे। उनके पिता पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। अमेरिकी इमिग्रेशन जज ने गुरुवार को आदेश दिया कि जब तक बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स उनका केस नहीं देखता, तब तक वेदम को निर्वासित नहीं किया जाएगा। उनके वकीलों ने पेनसिल्वेनिया की जिला अदालत से भी राहत पाई।



### यह है मामला

वेदम को 1980 में अपने दोस्त थॉमस किंसर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 2024 में अदालत ने नई बैलिस्टिक जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सजा रद्द कर दी। 3 अक्तूबर को जेल से रिहाई के बाद, उन्हें निर्वासित करने डिटेंशन सेंटर में रखा था। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट वेदम को एक पुराने मामले के चलते निर्वासित करना चाहती है। करीब 20 साल की उम्र में उन्होंने एलएसडी ड्रग केस में ‘नो कॉन्टेस्ट’ प्लिया दी थी। वेदम के वकील कहते हैं कि उन्होंने 43 साल जेल में निर्दोष रहते हुए बिताए, इसलिए उनका पुराना मामला अब महत्वहीन है।

**पान मसाला कंपनी को भी देना होगा जवाब**

## 5 रुपए में केसर मुमकिन नहीं सलमान को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** कोटा उपभोक्ता संरक्षण न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और राजश्री पान मसाला कंपनी को नोटिस भेजकर 27 नवंबर तक जवाब देने को कहा है। मामला पान मसाले के एक विज्ञापन से जुड़ा है जिसमें केसर युक्त होने का दावा किया गया है। कोर्ट ने यह कदम भ्रामक विज्ञापन की शिकायत पर उठाया है। यह शिकायत कोटा के वरिष्ठ भाजपा नेता और राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रमोहन सिंह हनी ने दायर की है। उन्होंने कहा कि कंपनी पाउच में केसर होने का दावा कर जनता को गुमराह कर रही है। शिकायत में बताया गया कि असली केसर की कीमत करीब 4 लाख रुपये प्रति किलो होती है।



### 27 तक रखना होगा अपना पक्ष

कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सलमान खान और कंपनी को नोटिस जारी किया है। अब दोनों को 27 नवंबर को अपना पक्ष रखना होगा। यह मामला सेलिब्रिटी विज्ञापन और उपभोक्ता अधिकारों को लेकर देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। परिवादी ने यह भी मांग की है कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों का प्रचार तुरंत रोका जाए और सलमान खान से मिले राष्ट्रीय पुरस्कार वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सिर्फ पैसे के लिए जनता को भ्रमित करना सही नहीं है।

## पुरुष को पत्नी पर कंट्रोल का अधिकार नहीं देती है शादी

### 80 साल का पति दोषी करार

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पत्नी-पत्नी समानता के अधिकार पर मद्रास हाईकोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। एक मामले का फैसला देते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि शादी पुरुष को पत्नी पर कंट्रोल का अधिकार नहीं देती है। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि भारतीय विवाह प्रणाली को पुरुष वर्चस्ववाद की छाया से निकलकर समानता और आपसी सम्मान के साथ बढ़ना चाहिए। क्योंकि शादी पुरुषों को पत्नी पर निर्विवाद अधिकार नहीं देती। पतियों को महिला के धैर्य को सहमति नहीं समझना चाहिए। एक बुजुर्ग दंपती के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस एल विक्टोरिया गौरी की बेंच ने पत्नी से क्रूरता पर 80 साल के पति को दोषी करार दिया है। हाईकोर्ट ने पति को 6 महीने के कारावास और 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर पर एक महीने के कारावास की सजा भी दी।



### निचली अदालत का फैसला रद्द

31 अक्टूबर को सुनवाई के बाद मद्रास हाईकोर्ट कोर्ट ने 80 साल के शख्स को बरी किए जाने का निचली अदालत का फैसला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि खराब शादीशुदा जीवन में महिलाओं की बेमतलब की सहनशीलता ने पुरुषों की पीढ़ियों को उन पर कंट्रोल करने और उन्हें अपने अधीन रखने का साहस दिया है। याचिका महिला ने लगाई थी, जिसके पति को IPC आईपीसी की धारा 498ए के तहत पत्नी के प्रति क्रूरता का दोषी ठहराया गया था।

## स्पाइसजेट ने संजय कुमार को नियुक्त किया एमडी

**मुंबई।** घरेलू विमान कंपनी स्पाइसजेट ने अनुभवी विमानन पेशेवर एवं इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को तीन नवंबर से कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। स्पाइसजेट ने कहा कि कुमार, कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी भूमिका में विमान कंपनी की रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगे। वह सीधे स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह के अधीन काम करेंगे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद अकलतरा, जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

E-mail ID: cmoakaltara@rediffmail.com

क्रमांक /1146 स्था./न.पा.प./2025 — अकलतरा, दिनांक: 03/11/2025

ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना (2nd Call)

UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

नगरपालिका परिषद अकलतरा क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम क्र. | कार्य का नाम | प्रा.राशि (लाख में) | अमानत राशि | डिमाण्ड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|
| 178670 | Selection Placement Agency for supply of labour of different categaories (Skilled, Semi-Skilled and Unskilled Year 2025-26) (2nd CALL) | 112.00 | 85000.00 | 3000.00 |

निविदा की विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन की E-procurement पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद अकलतरा, जिला जांजगीर चाम्पा)



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
www.cghb.gov.in

**आवासीय एवं व्यवसायिक भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर**

सबके लिए आवास

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**तालपुरी, ब्लॉक सी में प्रस्तावित सामान्य आवास योजना अंतर्गत उपलब्ध फ्लैट्स**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सैफ्रन 3 बी.एच.के., एच. आई. जी. प्रकोष्ठ भवन | 1836.41 | 1661.77 | 1351.13 | 57.20 | 5.72 |
| 2 | लैवंडर 2 बी.एच.के., एच. आई. जी.-II प्रकोष्ठ भवन | 1551.05 | 1307.45 | 1012.08 | 52.82 | 5.28 |
| 3 | जैस्मिन 2 बी.एच.के., एल. आई. जी. प्रकोष्ठ भवन | 961.62 | 828.74 | 669.70 | 24.85 | 0.50 |
| 4 | मेरीगोल्ड 1 बी.एच.के., ई. डब्ल्यू. एस., प्रकोष्ठ भवन | 414.26 | 366.38 | 322.58 | 9.91 | 0.25 |
| 5 | मेजनाईन शॉप नं. 16, 18, 27, 34, 36 | 395.32 | 395.32 | 363.15 | 68.52 | 6.85 |
| 6 | मेजनाईन शॉप नं. 20, 32 | 380.26 | 380.26 | 348.62 | 65.92 | 6.59 |
| 7 | मेजनाईन शॉप नं. 19, 28 | 410.28 | 410.28 | 377.68 | 71.10 | 7.11 |

सम्पर्क सूत्र - 9755405252, 8827267365, 9827999119, 9424284256

**जोराताल, कवर्धा जिला-कबीरधाम में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भू-खण्ड का क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | एल. आई. जी. (स्वतंत्र) (2 बी.एच.के.) | 1119.04 | 668.73 | 649.37 | 21.35 | 0.50 |
| 9 | ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र) (1 बी.एच.के.) | 602.66 | 360.99 | 325.05 | 10.10 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9479119384, 9424209025, 7000042369, 9584892449, 7987685947

**बोदरी, बिलासपुर में निर्माणाधीन अटल विहार योजना अंतर्गत उपलब्ध स्वतंत्र भवन**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भू-खण्ड का क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | एच. आई. जी. (स्वतंत्र भवन-3 बी.एच.के.) | 2601.70 | 1561.00 | 1121.10 | 53.83 | 5.38 |
| 11 | सिनी. एम. आई. जी. (स्वतंत्र भवन-2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1263.20 | 932.55 | 42.08 | 4.20 |
| 12 | जूनि. एम. आई. जी. (स्वतंत्र भवन-2 बी.एच.के.) | 1507.23 | 777.60 | 613.60 | 24.07 | 2.41 |
| 13 | जूनि. एम. आई. जी.-I (स्वतंत्र भवन-2 बी.एच.के.) | 1507.60 | 1378.20 | 743.84 | 38.00 | 3.80 |
| 14 | जूनि. एम. आई. जी.-IV (स्वतंत्र भवन-2 बी.एच.के.) | 1507.60 | 1281.95 | 774.34 | 33.16 | 3.32 |
| 15 | एल. आई. जी.-II (स्वतंत्र भवन-2 बी.एच.के.) | 1119.04 | 494.96 | 425.77 | 15.13 | 0.50 |
| 16 | ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र भवन-1 बी.एच.के.) | 538.00 | 341.09 | 259.23 | 7.68 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**बांधामुड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में निर्माणाधीन सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन**

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भू-खण्ड का क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | एच. आई. जी. (स्वतंत्र) (2 बी.एच.के.) | 2324.16 | 1473.15 | 1073.41 | 36.31 | 3.63 |
| 18 | एल. आई. जी. (स्वतंत्र) (1 बी.एच.के.) | 968.40 | 576.31 | 440.94 | 14.81 | 0.50 |

सम्पर्क सूत्र - 9907285405, 9907953522, 9630271503

नियम एवं शर्तें - 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी., द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. भवनों का आबंटन स्ववित्तीय ऑफर आधार पर आनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 3. भवनों का ऑफसेट मूल्य से अधिक ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त किया जाएगा जिन हितग्राहियों द्वारा भुगतान हेतु चालान के माध्यम से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. का विकल्प चयन किया जाएगा, उन्हें एक अतिरिक्त बैंकिंग कार्य दिवस भुगतान हेतु प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत आगामी कार्य दिवस में ऑफर खोला जाएगा। अवकाश होने की स्थिति में ऑफर अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। 4. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 5. अन्य नियम एवं शर्त आवेदन पत्र में उल्लेखअनुसार मान्य होगा। 6. अधिक जानकारी हेतु संबंधित संपदा अधिकारी / कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र से सम्पर्क करें या विजिट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

अधिक जानकारी के लिये स्कैन करें

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास TOLL FREE NO. 1800-121-6313

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
“मिनी रत्न कम्पनी”
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / बीएसपी / मा.सं. / एनईई. / सर्वि.रि. / 2025 / 1206 दिनांक 10.10.2025

**अभियोग पत्र**

श्री मिथलेश कुमार
सुरक्षा प्रहरी कर्म. सं.- 24913034
सुरक्षा विभाग
एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

स्थाई पता- ग्राम हसौद, पो.आ.-हसौद
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

द्वारा :- सुरक्षा प्रमुख, सुरक्षा विभाग, एसईसीएल, मुख्यालय बिलासपुर

आपके विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है कि आप दिनांक 30.01.2025 से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 419 दिनांक 22.04.2025 के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था जिसका जवाब आपके द्वारा आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। तदोपरांत वरीय प्रबंधक (मा.स./एनईई), एसईसीएल बिलासपुर के पत्र क्र. 1026 दिनांक 13.08.2025 के माध्यम से आपको निर्देश दिया गया था कि आप अपनी अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें जो आज तक अप्राप्त है। आपका यह कृत्य एसईसीएल के कर्मचारियों पर लागू होने वाले प्रमाणित स्थायी आदेश की धारा 26 के निम्नलिखित उपखण्ड का उल्लंघन है एवं कदाचार की श्रेणी में आता है-

26.30- बिना स्वीकृत अवकाश या पर्याप्त कारण के कार्य में अनुपस्थित रहना या स्वीकृत अवकाश से अधिक दिन तक कार्य पर अनुपस्थित रहना। पूर्व में भी आपके द्वारा उक्त कदाचार पर कार्यालय आदेश क्र. एसईसीएल/बीएसपी/का./एनईई/अनु.कार्य./2024/769 दिनांक 30.09.2024 के माध्यम से दण्ड आदेश दिया जा चुका है।

अतः आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप अपने विरुद्ध लगाए गए उक्त आरोपों के संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण इस पत्र की प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समयावधि के भीतर आपका स्पष्टीकरण प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जायेगा कि आप अपने विरुद्ध लगाये गये उक्त सभी आरोपों को स्वीकार करते हैं तथा इस संबंध में किसी प्रकार का लिखित में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना नहीं चाहतें हैं। तद्नुसार बिना किसी अग्रिम सूचना के गुण दोषों के आधार पर आपके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जवाबदेह रहेगें।

इस पत्र के साथ Artical of Charges, Statement of Imputations of Charges Document and List of witnesses संलग्न की जा रही है।

संलग्नः- यथोपरि

वरीय प्रबंधक (मा.स./एनईई)/
अनुशासनात्मक अधिकारी
एसईसीएल मुख्ययालय बिलासपुर

SECL/25-26/225

Khadi India

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**
KHADI AND VILLAGE INDUSTRIES COMMISSION
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Govt. of India
राज्य कार्यालय, छत्तीसगढ़
STATE OFFICE, CHHATTISGARH

क्र. राकाछग/खादी / लीगल / चेतावनी / 2025-26 — दिनांक 04/11/2025

**चेतावनी**

हम, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), संसद के अधिनियम (1956 की संख्या 61, जैसा कि 1987 के अधिनियम संख्या 12 और 2006 के अधिनियम संख्या 10 द्वारा संशोधित किया गया है) के तहत पंजीकृत एक सांविधिक निकाय हैं, जिसका मुख्यालय ग्रामोदय, 3, इरला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई - 400056, भारत में स्थित है और इसका राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रायपुर, छत्तीसगढ़ में है।

आम जनता और अन्य व्यक्तियों के संज्ञान में एतद् द्वारा जाता है कि केवीआईसी, खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यक्रमों/गतिविधियों के संचालन हेतु समितियों और धर्मार्थ ट्रस्टों (जिन्हें सामान्यतः “खादी संस्था” कहा जाता है) को उनकी निर्मित अचल संपत्तियों को केवीआईसी के पक्ष में गिरवी रखकर वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। न केवल भूमि को धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए दिया गया है, बल्कि सरकारी निधि से कई कल्याणकारी सहायता के उपाय भी वर्षों से किए जा रहे हैं, जो अपने आप में देश/राज्य को करदाताओं द्वारा भेजी गई धनराशि का भंडार भी हैं। इसलिए, केवीआईसी जनहित का प्रतिनिधित्व करते हुए विशिष्ट उपयोग के लिए निर्मित इन परिसंपत्तियों पर प्राधिकार रखता है।

आम जनता को एतद् द्वारा सचेत किया जाता है कि खादी संस्थाओं की संपत्तियाँ केवीआईसी की लिखित अनुमति के बिना न तो खरीदी और न ही उनसे लीज पर ली जानी चाहिए। जो कोई भी व्यक्ति केवीआईसी की लिखित अनुमति के बगैर खादी संस्थाओं की संपत्तियाँ खरीद रहा है, वह ऐसा अपने जोखिम पर कर रहा होगा और इसके परिणामों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

यदि किसी को इस प्रकार का कोई कदाचार दिखाई देता है तो उनसे अनुरोध है कि वे केवीआईसी और अपने क्षेत्राधिकार वाले राजस्व प्राधिकारी को इसकी सूचना अवश्य दें।

**राज्य कार्यालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयोग,
रायपुर (छ.ग.)**

**स्थान :** प्रथम तल, गांधी भवन, केयूर भूषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.) 492001
**ईमेल आईडी :** soraipur.kvic@gov.in
**कार्यालय संपर्क :** 0771-2886428

# आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट टीम में स्मृति, जेमिमा, दीप्ति शामिल, हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶ दुबई

महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में भारत की महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हरमनप्रीत को जगह नहीं मिली है।दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं। लौरा ने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



## दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को मिली जगह, कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट शामिल

### दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से किया प्रभावित

सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।




### पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज शामिल

आईसीसी के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है, जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

### आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम

1. स्मृति मंधाना (भारत)
2. लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका)
3. जेमिमा रोड्रिग्स (भारत)
4. मारिज़ेन काप (दक्षिण अफ्रीका)
5. ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
6. दीप्ति शर्मा (भारत)
7. एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
8. नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका)
9. सिदरा नवाज़ (विकेटकीपर) (पाकिस्तान)
10. अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
11. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)
12. नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)

## खबर संक्षेप




### चोट के कारण बीबीएल 15 से बाहर हुए अश्विन

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का इंतजार था लेकिन घुटने की चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। अश्विन सिडनी थंडर टीम का हिस्सा थे। अश्विन ने पिछले साल के आखिर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से और अगस्त 2025 में आईपीएल से संन्यास ले लिया था, जिससे कि वह दुनिया भर की टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित कर सकें, जिसमें बीबीएल, द हंड्रेड और एसए20 शामिल हैं। अश्विन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आने वाले सत्र की तैयारी के लिए चेन्नई में ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई। मैं बीबीएल 15 में नहीं खेल पाऊंगा। यह कहना काफी मुश्किल है। मैं इस समूह का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित था।' बीबीएल 15 की शुरुआत 14 दिसंबर से होगी।

### चैलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगे द्रविड़ के बेटे अन्वय

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय को बुधवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चार टीमों में से एक में शामिल किया गया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर अन्वय को इस टूर्नामेंट के लिए टीम सी में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और युवा क्रिकेटरों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बीसीसीआई के अनुसार, 'जूनियर चयन समिति ने पांच से 11 नवंबर, 2025 तक हैदराबाद में होने वाली आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों का चयन किया है।' आरोन जॉर्ज की अगुवाई वाली टीम सी शुक्रवार को वेदांत त्रिवेदी की अगुवाई वाली टीम बी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### एलएसजी के वैश्विक क्रिकेट के निदेशक बने टॉम मूडी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी को इस टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए अपना वैश्विक क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। आईपीएल में व्यापक अनुभव रखने वाले 60 वर्षीय मूडी सनराइजर्स हैदराबाद के दो बार मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में ब्रायन लारा के मुख्य कोच बनने पर यह फ्रैंचाइज़ी छोड़ दी थी। एलएसजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मूडी की एक तस्वीर पोस्ट की जिसका शीर्षक है 'अनुभव। दृष्टि। नेतृत्व कौशल। सुपर जायंट्स यूनिवर्स में आपका स्वागत है, टॉम मूडी।'' मूडी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से आठ टेस्ट और 76 एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने दोनों प्रारुपों में कुल मिलाकर 1667 रन बनाए और 54 विकेट लिए।



## यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से पूरा किया शतक

# रणजी ट्रॉफी में जायसवाल के 1 हजार रन पूरे, राजस्थान के खिलाफ ठोकी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

23 साल के यशस्वी जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में कमाल कर दिया। जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए शानदार शतक जड़ा। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बड़ी पारी खेली। इसी के साथ मुंबई के लिए उनके नाम 1 हजार रणजी ट्रॉफी रन हो गए हैं।

मुंबई की पहली पारी 254 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने छह विकेट पर 617 रन बनाकर अपनी पहली घोषित की। इसके बाद दूसरी पारी में तीसरे दिन यशस्वी ने अर्धशतक पूरा कर लिया था। चौथे दिन यानी मंगलवार को अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए जायसवाल ने शतक पूरा किया। जायसवाल ने चौथे दिन 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

यह शतक जायसवाल का 2019 में डेब्यू के बाद से रणजी ट्रॉफी में केवल 21 पारियों में मुंबई के लिए पांचवां शतक है। 23 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कुल 17 फर्स्ट क्लास शतक लगाए हैं, जिसमें सात टेस्ट शतक शामिल हैं।



### हरियाणा ने गुजरात को चार विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** निचले क्रम के बल्लेबाजों पार्थ वत्स और यशवर्धन दलाल की उम्दा पारियों से हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर गुजरात को चार विकेट से हरा दिया। गुजरात के 62 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने दो रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाज लक्ष्य दलाल और कप्तान अंकित कुमार चौथे ओवर तक ही पवेलियन लौट गए जबकि मयंक शांडिल्य (03) और निशांत सिंधू (13) भी नाकाम रहे, जिससे हरियाणा का स्कोर 23वें ओवर में छह विकेट पर 43 रन हो गया। विकेटकीपर यशवर्धन (नाबाद 14) और वत्स (नाबाद 13) ने हालांकि टीम का स्कोर छह विकेट पर 62 रन तक पहुंचाकर हरियाणा को जीत और छह अंक दिला दिए। बाएं हाथ के स्पिनरों विशाल जायसवाल (23 रन पर तीन विकेट) और सिद्धार्थ देसाई (25 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए।

### रेलवे ने हासिल किए तीन अंक असम को मिला एक अंक



गुवाहाटी में वर्षा से प्रभावित मैच में रेलवे के 224 रन के जवाब में असम की टीम 209 रन ही बना सकी। रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि असम को एक अंक मिला। असम की ओर से स्वरूपम पुरकायस्थ ने नाबाद 121 रन बनाए। रेलवे की तरफ से आदर्श सिंह ने 48 रन पर छह विकेट चटकाए। रेलवे ने जब दूसरी पारी में एक विकेट पर 97 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए।

### त्रिपुरा की बंगाल पर महत्वपूर्ण बढ़त

अगरतला में त्रिपुरा ने बंगाल के 336 रन के जवाब में 385 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और तीन अंक जुटाए। बंगाल को एक अंक मिला।
बंगाल ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 90 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। त्रिपुरा की ओर से कप्तान मणिपुर मूरासिंह ने नाबाद 102 जबकि हनुमा विहारी ने 141 रन बनाए।

### उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया

दिल्ली में हुए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया। उत्तराखंड के 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेना की टीम 105 रन पर सिमट गई।

## शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचे ग्रैंडमास्टर नारायणन




एजेंसी ▶▶ पणजी

भारत के एसएल नारायणन ने पेरू के स्टीवन रोजास को हराकर शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।


- अगला मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से

वह टाई ब्रेकर के जरिए राउंड ऑफ-128 में पहुंचने वाले पहले गैरवरीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पेरू के ग्रैंडमास्टर स्टीवन रोजास को 3-1 से मात दी। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और दो मुकाबले अपने नाम किए। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से होगा। उनके बाद भारत के दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगजियन से दोनों टाई-ब्रेकर गेम जीतकर क्वालिफाई किया।

वह दूसरे दौर में अमेरिकी इयान नेपोम्नियाची से भिड़ेंगे। वी प्रणव ने अल्जीरिया के अला एद्दिने बौलरेन्स को 2-0 से, रौनक साधवानी ने डेनियल बैरिश को 1.5-0.5 से, एम प्रणेश ने सतबेक अख्मेदिनोव को 1.5-0.5 से मात दी।

### पहले दौर में हारकर बाहर हुईं दिव्या देशमुख

विश्वकप में एकमात्र महिला खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं। उन्हें पहले दौर में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर स्टामाटिस कौरकौलोस-आर्दितिस से दोनों मुकाबले हारकर बाहर हो गईं। भारत के अन्य शीर्ष खिलाड़ी डी.गुकेश, आर प्रगनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती को पहले दौर में बाय मिला है। वह अगले दौर में खेलते नजर आएंगे।



### आईसीसी वनडे रैंकिंग

## मंधाना को पीछे छोड़ नंबर एक बनीं वोल्वार्ट, जेमिमा टॉप-10 में शामिल




एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स नौ स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

### रोड्रिग्स का शीर्ष 10 में प्रवेश

रोड्रिग्स ने शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की। आस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है।


### 14वें स्थान पर हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



### वर्ल्ड कप जीतने के बाद शेफाली को मिली उत्तर क्षेत्र की कप्तानी

**नई दिल्ली।** महिला वनडे विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को नगालैंड में शुरू हो रही सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को नवी मुंबई में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 21 वर्षीय शेफाली ने 87 रन बनाने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने यह मैच 52 रन से जीत कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। शेफाली को चोटिल प्रतिका रावल की जगह सेमीफाइनल से पहले टीम में दिया गया था। नगालैंड में चार से 14 नवंबर तक होने वाली सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा लेंगी।



## ओलंपिक खेल में 49 किग्रा भार वर्ग से हटी मीराबाई चानू, अब 53 किग्रा में कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू का 49 किग्रा का भार वर्ग 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से हटा दिया गया है और अब उन्हें 53 किग्रा वजन वर्ग में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा लेकिन वह इसके लिए तैयार हैं। चानू ने तोक्यो ओलंपिक में 49 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धाओं की कुल संख्या 12 कर दी है, जिससे 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में महिलाओं के लिए न्यूनतम वर्ग अब 53 किग्रा है।




### वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद

भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा का मानना है कि 53 किग्रा तक वजन बढ़ाना चानू के लिए फायदेमंद होगा लेकिन उन्होंने कहा कि मणिपुर की यह खिलाड़ी अगले साल एशियाई खेलों तक अपने पुराने वजन वर्ग में ही खेलती रहेंगी। शर्मा ने कहा, 'यह (49 किग्रा वजन वर्ग को हटाना) मीराबाई के लिए अच्छी बात है क्योंकि अपना वजन 48 किग्रा तक कम करना काफी कठिन प्रक्रिया थी।'

## यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका: आर्यवीर

# 'ग्रीन खेल' के जरिए पर्यावरण चेतना जगाएंगे व स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे

### खास बातें

- भारत गोल्फ महोत्सव 8 व 9 नवंबर को जबलपुर में
- कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण

अनुरोध पटेरिया : जबलपुर

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव का जबलपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रायपुर में हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के साथ, राष्ट्रीय और सामाजिक हितों के लिए काम करना है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने 'हरिभूमि' से बातचीत में इस महोत्सव के बहुआयामी उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका है, और गोल्फ जैसे शानदार खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक प्रयास है।






इस आयोजन का मुख्य केंद्र-बिंदु सामाजिक चेतना है, जिसके तहत ग्रीन खेल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मेक इन इंडिया का प्रमोशन करने के लिए स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गोल्फ महोत्सव में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर खेल के मैदान से जोड़ना भी है। आर्यवीर ने बताया कि लोगों में बढ़ता मोटापा आज के समय की बहुत बड़ी समस्या है, लिहाजा इस समस्या के प्रति भी लोगों को जागरुक करना इस आयोजन का एक अहम उद्देश्य है।

### वीरभूमि पर शौर्य और खेल का संगम

उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 8 और 9 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन आर्मी क्षेत्र (एप्टा) में किया जाएगा, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस आयोजन के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि, युवा स्क्रीन से निकलकर खेल के मैदान में आएं और शारीरिक गतिविधियों को अपनाएं। आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह देश के वीर जवानों के बीच हो रहा है। इस दौरान वीर नारियों का सम्मान कर इस कार्यक्रम को और भी ज्यादा गौरवमय बनाया जाएगा।

### जुनून को सेलिब्रेट करने का आह्वान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने देश भर के खेल प्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस महोत्सव से जुड़ें। यह आयोजन सिद्ध करता है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।




नाइट विजन तकनीक काफी समय से मौजूद है, लेकिन अब तक यह केवल पेशेवर लोगों तक ही सीमित रही है। इसका मुख्य कारण इसका भारी और असहज आकार है। कल्पना कीजिएः यदि नाइट विजन टेक्नोलॉजी इतनी छोटी हो जाए कि यह आपके कॉन्टैक्ट लेंस में फिट हो जाए तो क्या होगा?

# अमेरिका ने बना ली ऐसी तकनीक, मिट जाएगा दिन-रात का फर्क


**वॉशिंगटन।** आप उन्हें अपने बैग में रख सकते हैं और रात में अकेले चलते समय या जंगल में जानवरों को डराए बिना सैर करने के लिए पहन सकते हैं। यह सब अब सिर्फ विज्ञान कथा नहीं, बल्कि जल्द ही हकीकत बन सकता है!

### क्या ग्रेफीन लेंस से नाइट विजन संभव होगा?

जी हां! अमेरिका के शोधकर्ताओं ने एक ऐसी नई तकनीक विकसित की है जो इस सपने को साकार कर सकती है। मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने ग्रेफीन नामक अद्भुत सामग्री का उपयोग करके ऐसे लेंस बनाए हैं, जो पूरे इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रम के साथ-साथ दिखाई देने वाले और पराबैंगनी प्रकाश को भी महसूस कर सकते हैं। इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर, झाओहुई झोंग के अनुसार, 'हम पूरे डिज़ाइन को अल्ट्रा-थिन बना सकते हैं। इसे कॉन्टैक्ट लेंस पर या सीधे मोबाइल फोन में भी इंटीग्रेट किया जा सकता है।'

### यह नई तकनीक वर्तमान नाइट विजन से कैसे बेहतर है?

वर्तमान नाइट विजन तकनीक को अपनी खुद की गर्मी के विकिरण से बचने और स्पष्ट तस्वीर पाने के लिए भारी कूलिंग उपकरण की आवश्यकता होती है। यही वजह है कि वे आकार में इतने बड़े होते हैं। लेकिन, ग्रेफीन-आधारित यह नई तकनीक कमाल की है! यह परमाणु जितनी पतली इस सामग्री की केवल कुछ परतों का उपयोग करके वही काम कर सकती है। सबसे प्रभावी नाइट विजन तकनीक इन्फ्रारेड प्रकाश को कैप्चर करके काम करती है - यह वह हिस्सा है जो वस्तुओं से गर्मी के रूप में उत्सर्जित होता है।



### क्या इसका उपयोग सिर्फ रात में देखने तक सीमित है?

शोधकर्ताओं का सुझाव है कि इन्फ्रारेड-कैप्चर करने वाले ये ग्रेफीन लेंस सिर्फ नाइट विजन से कहीं आगे जा सकते हैं। यह तकनीक डॉक्टरों की मदद कर सकती है, जिससे वे मरीजों को बिना हिलाए या स्कैन किए रक्त प्रवाह की निगरानी कर सकते हैं। इसके अलावा, कला इतिहासकार पेंटिंग की सतह के नीचे की परतों की जांच करने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। यह पूरी तरह से एक्स-रे विजन तो नहीं है, लेकिन यह उसके काफी करीब है! शोधकर्ताओं की सफलता का रहस्य एक विशेष सैंडविच संरचना में छिपा है। उन्होंने दो पतली ग्रेफीन स्लाइस के बीच एक इन्सुलेटिंग बैरियर डालकर और नीचे के हिस्से से विद्युत प्रवाह गुजारकर यह सफलता हासिल की। इस नई विधि ने सामग्री की इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रम के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाया है, जिससे यह तकनीक भविष्य के लिए एक बड़ा गेम चेंजर साबित हो सकती है।

**रोचक खबरें**

## शख्स ने ट्रैफिक चालान से बचने के लिए हेलमेट की जगह पहनी कढ़ाही

**बेंगलुरू।** हेलमेट को लेकर भारत में जितनी बातें होती हैं, उतनी शायद किसी और चीज़ की नहीं होतीं। कानून कहता है कि दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनना जरूरी है। लेकिन, बहुत से लोग इसे सिर्फ चालान से बचने का हथियार मानते हैं। सुरक्षा से नहीं जोड़ते। यही वजह है कि जब असली, मजबूत हेलमेट खरीदने की बात आती है तो कई लोग 100-150 रुपए का सस्ता कामचलाऊ हेलमेट लेकर काम चला लेते हैं। कुछ तो उससे भी आगे निकल जाते हैं। चालान से बचने के लिए सिर पर क्रिकेट हेलमेट, कैप या किसी बर्तन जैसी चीज रख लेते हैं, बस पुलिस ना रोके।



अब सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो गया है जिसे देखकर लोग हंस भी रहे हैं और सोच भी रहे हैं कि हमारी समझदारी आखिर जा कहां रही है। इस वीडियो में एक शख्स बाइक पर पीछे बैठा हुआ है और उसके सिर पर असली हेलमेट नहीं, बल्कि एक बड़ी कढ़ाही रखी हुई है। वही जो रसोई में सब्जी या फ्राइंग के काम आती है।

**पुलिसवाले भी मुस्कुरा दिए :** लोगों ने इस 'जुगाड़ू हेलमेट' वाले शख्स को खूब ट्रोल भी किया और कुछ ने मजे लेते हुए कहा, भाई, चालान से बचने का सस्ता तरीका मिल गया। वीडियो शेयर करते हुए लिखा गया, पीक बेंगलुरु मोमेंट। एक शख्स ट्रैफिक चालान से बचने के लिए हेलमेट की जगह सिर पर फ्राइंग पैन पहनकर जा रहा था। पुलिस वाले भी मुस्कुरा दिए, क्योंकि वो इतने कॉन्फिडेंस से पैन को हेलमेट की तरह पहन रहा था जैसे कोई फैशन शो हो रहा हो।

## टेक्नोलॉजी ने किया कमाल, पहली बार बच्ची ने सुनी मां की आवाज

**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजी आज हमारी जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा बन चुकी है। जहां एक तरफ इसने हमारे काम को आसान, तेज और सुविधाजनक बना दिया है, वहीं दूसरी तरफ इसके कुछ नकारात्मक असर भी देखने को मिलते हैं। लेकिन, आज हम आपको एक सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें टेक्नोलॉजी की मदद से डॉक्टरों ने ऐसा कमाल कर दिखाया, जिसे जानकर आपकी आंखों में आंसू आ जाएंगे।



दरअसल, सोशल मीडिया पर इन दिनों एक भावुक कर देने वाला वीडियो लोगों का दिल जीत रहा है। वीडियो में एक छोटी सी बच्ची अपनी मां की गोद में बैठी दिखाई देती है। उसके चेहरे पर मासूमियत के साथ हल्की सी उलझन झलकती है, मानो वह किसी चीज को समझने की कोशिश कर रही हो। तभी डॉक्टर धीरे से उसके कान में एक हियरिंग एड डिवाइस लगाते हैं। थोड़े देर बाद डॉक्टर बच्ची के मां को बोलते है। कुछ बोलने के लिए मां अपनी बच्ची को पुकारती है और तभी होता है वो पल जिसने लाखों दिलों को छू लिया। बच्ची पहली बार अपनी मां की आवाज सुनती है, उसकी आंखें चमक उठती हैं और अगले ही पल जोर से रो पड़ती है। ये खुशी और हैरानी से भरा वो पल था जिसे देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

**वैज्ञानिकों के भी उड़े होश!**

# खौलते ज्वालामुखी के ऊपर उड़ती दिखी रहस्यमयी चीज

**मैक्सिको सिटी।** एलियन होते हैं या नहीं, ये चर्चा का विषय है, मगर वैज्ञानिक भी उनके अस्तित्व को पूरी तरह नहीं ठुकराते। वक्त-वक्त पर वैज्ञानिकों ने एलियन्स के होने के दावे किए हैं। पर आम आदमी को जब कुछ हैरान करने वाली चीजें नजर आती हैं, तो वो उसे एलियन से जोड़ देते हैं। हाल ही में ऐसा ही मैक्सिको में हुआ, जहां पर एक सक्रिय ज्वालामुखी के ऊपर उड़ती रहस्यमयी चीज नजर आई है जिसे लोगों ने एलियन से जोड़ लिया है।

मैक्सिको में सक्रिय ज्वालामुखी पोपोकेटेपेटल के ऊपर आसमान में एक चमकदार रहस्यमयी वस्तु दिखने से लोग हैरान हैं। एलियन प्रेमी और यूएफओ शोधकर्ता इस नई फुटेज को देखकर उलझन में हैं कि आखिर यह उड़न तश्तरी जैसी चीज क्या थी। यह घटना 30 अक्टूबर, गुरुवार की बताई जा रही है, जब ज्वालामुखी की निगरानी करने वाले वेबकैम पर यह अजीब दृश्य रिकॉर्ड हुआ। वीडियो में एक चमकती हुई वस्तु ज्वालामुखी के क्रेटर के ऊपर कुछ देर तक मंडराती हुई दिखती है और फिर अचानक तेज़ी से उड़कर गायब हो जाती है।



### फुटेज में रिकॉर्ड हुआ यूएफओ?

फुटेज में यह भी देखा गया कि ज्वालामुखी से धुआं और आग की लपटें उठ रही थीं, जबकि यह रहस्यमयी वस्तु मानो उस पर नज़र रख रही हो। पोपोकेटेपेटल ज्वालामुखी, जो मैक्सिको के प्यूबला और मोरेलोस राज्यों के बीच स्थित है, देश के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। इसकी ऊंचाई 17,802 फीट (5,426 मीटर) है और यह अक्सर छोटे-छोटे विस्फोटों और धुएं के गुबारों के लिए जाना जाता है। घटना के दिन, नेशनल सेंटर फॉर डिजास्टर प्रिवेंशन ने 19 हल्के विस्फोट दर्ज किए, जिनसे भाप, गैसें और राख निकली। संगठन ने जनता को चेतावनी दी कि वे 12 किलोमीटर के निषेध क्षेत्र के भीतर न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अब तक किसी सरकारी एजेंसी ने इस चमकती वस्तु की उत्पत्ति पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## कपल को आया विचित्र आइडिया जानवरों के बाड़े में की शादी!

**लंदन।** शादी करने के लिए लोग सबसे खास और अनोखी जगहों की तलाश में होते हैं। कई लोग डेस्टिनेशन वेडिंग करना चाहते हैं। पहाड़ों पर या समुद्र किनारे जाकर शादी रचाते हैं। मगर, एक कपल ने तो विचित्र आइडिया सोचा। उन्होंने जानवरों के बाड़े में जाकर शादी रचाई। उनकी अंगूठी एक अपाहिज भेड़ लेकर पहुंची। जब आपको इस आइडिया के पीछे का कारण पता चलेगा तो आपको ये आइडिया विचित्र नहीं लगेगा और आप खुश हो जाएंगे।



एक अनोखी और दिल छू लेने वाली शादी की कहानी इंग्लैंड के यॉर्कशायर से सामने आई है, जहां एक जोड़े ने अपने प्यार की शुरुआत जिस जगह से की, वहीं शादी भी रचाई और इस शादी की सबसे खास बात यह थी कि एक विकलांग भेड़ ने 'रिंग बेयरर यानी अंगूठियां लाने वाले की भूमिका निभाई. 34 वर्षीय जेक रैटक्लिफ़ और 28 वर्षीय रोज़ी की मुलाकात पांच साल पहले हुई थी, जब रोज़ी ने जेक के एनिमल रेस्क्यू सेंटर 'मिलिंगटन स मैजिकल बार्न' में वॉलंटियर के तौर पर काम शुरू किया।

### भेड़ को बना दिया रिंग बेयरर

इस शादी में 60 मेहमान मौजूद थे, लेकिन सबका ध्यान जिस पर गया, वह थी 'बनी' नाम की एक विकलांग भेड़- जो जन्म से ही अपने पिछले पैरों का इस्तेमाल नहीं कर पाती। उसे एक खास व्हीलचेयर जैसी चेयर पर बैठाकर रिंग बेयरर बनाया गया था. जैसे ही बनी ने अपने छोटे पहियों वाले वाहन पर चलते हुए गलियारे में प्रवेश किया, मेहमानों ने खुशी से तालियां बजाईं और 'आह' की आवाजें गूंज उठीं।

# दुनिया की सबसे महंगी चाय की पत्ती एक किलो की कीमत है 10 करोड़

**नई दिल्ली।** चाय पीना हर किसी को पसंद है। दुनिया भर में कई तरह के फ्लेवर्स की चाय मिलती हैं। इन्हें पीने के बाद स्वाद का मजा ही कुछ और होता है, लेकिन क्या आपने दुनिया की सबसे महंगी चाय की पत्तियों के बारे में सुना है? आज हम आपको दुनिया की सबसे महंगी चाय की पत्तियों के बारे में बताएंगे, जिसकी कीमत जानकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। हम चीन में मिलने वाली डा-होंग पाओ टी की बात कर रहे हैं। इस चाय पत्ती का नाम दुनिया में मिलने वाली सबसे महंगी चाय की पत्तियों में शामिल है। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है। डा-होंग पाओ की खेती चीन के फुजियान के वूईसन इलाके में की जाती है। इस चाय पत्ती के कई सारे लाभकारी गुण हैं, जिसे शायद ही आप जानते होंगे। स्वास्थ्य के लिए यह चायपत्ती काफी लाभदायक होती है। यही एक बड़ी वजह है, जिसके चलते इसको जीवनदायिनी भी कहा जाता है।

### इसके सेवन से ठीक होती हैं गंभीर बीमारियां

कई प्रकार की गंभीर बीमारियां इसके सेवन से ठीक होती हैं। खेती के दौरान डा-होंग पाओ की पत्तियों की पैदावार काफी कम मात्रा में होती हैं और इसकी पत्तियां दुनिया में काफी दुर्लभ भी हैं। यही एक बड़ा कारण है, जिसके चलते इस चायपत्ती की कीमत करीब 10 करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है।




### राजा के लंबे चोंगे के नाम पर पड़ा इस चायपत्ती का नाम

डा-होंग पाओ टी की पत्तियों के इतिहास की बात करें, तो इसकी खेती की शुरुआत चीन के मींग शासन के समय में शुरू हुई थी। चीनी लोगों का कहना है कि उस दौरान मींग शासन की महारानी अचानक बीमार हो गई थी। उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी और महारानी के बचने की संभावना काफी कम थी। उन पर किसी भी दवा का असर नहीं हो रहा था। इसके बाद उन्हें डा-होंग पाओ चाय पीने के लिए कहा गया। उन्होंने इसे पीया और पीने के कुछ ही दिनों के बाद वह ठीक हो गईं। महारानी के ठीक होने के बाद राजा काफी खुश हुए और उन्होंने आदेश दिया कि इस खास तरह की चाय की पत्तियों की खेती की जाए। राजा के लंबे चोंगे के नाम पर ही इस चायपत्ती का नाम डा-होंग पाओ पड़ा। मान्यता है मींग शासन से ही इस चाय पत्ती की खेती होती आ रही है। आज कई लोग इस चाय पत्ती के 10 से 15 ग्राम खरीदने के लिए लाखों रुपए चुकाते हैं।

## तलाक के बाद पत्नी नहीं, बिल्लियों की जिम्मेदारी उठाएगा ये शख्स, हर महीने देगा खर्च का पैसा

**इस्तांबुल।** पालतू जानवरों के लिए लोगों का प्यार कभी-कभी इतना गहरा होता है कि वो परिवार के किसी सदस्य से कम नहीं लगते। यह मामला सोशल मीडिया पर इतना चर्चा में है कि लोग इसे 'पेट लव का सबसे अनोखा केस' कह रहे हैं। दरअसल, तुर्की के इस्तांबुल में रहने वाले एक कपल बुग्रा बी. और एजगी बी. ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया। दोनों ने कहा कि उनके रिश्ते में अब कोई सामंजस्य नहीं बचा है और शादी की नींव टूट चुकी है। इसलिए, उन्होंने शांति से अलग होने का फैसला किया। इस शर्त के मुताबिक पति बुग्रा बी. ने अपनी दो प्यारी बिल्लियों की कस्टडी अपनी पूर्व पत्नी एजगी बी. को देने का फैसला किया। इतना ही नहीं, उन्होंने वादा किया कि वो इन बिल्लियों की देखभाल के लिए हर तीन महीने में 10 हजार तुर्की लीरा एजगी को भेजेंगे ,ताकि बिल्लियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com